दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
टोंक | बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष नवमी संवत् - 2082
वर्ष : 13 | अंक : 71 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan dainik badtarajasthan




# एसी बस में आग, 20 यात्री जिंदा जले

बढ़ता राजस्थान

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर मंगलवार दोपहर 3.30 बजे चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई। 20 यात्रियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। मरने वालों में दो लोगों की पहचान हो गई। इनमें एक स्थानीय पत्रकार राजेंद्र सिंह चौहान और 79 साल के हुसैन खां है। हादसे में 2 बच्चों, 4 महिलाओं समेत 15 लोग झुलस गए। झुलसे यात्रियों को जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लेकर गए, जहां से सभी को जोधपुर रेफर कर दिया। अधिकांश यात्री 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं। बस में 57 लोग सवार थे। हादसे में मरने वालों की पहचान DNA टेस्ट से होगी। कलेक्टर प्रताप सिंह ने मृतकों के परिजनों से संपर्क करने की अपील की है। केंद्र सरकार ने मृतक आश्रितों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। पोकरण विधायक प्रतापपुरी ने हादसे में 20 मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा- हादसा शॉर्ट सर्किट से ही हुआ है। जैसलमेर से सभी 19 शवों को जोधपुर भेजा गया है। वहीं हुसैन खां की मौत जोधपुर में ही हुई थी। हादसा जैसलमेर के थईयात गांव के पास हुआ। आग की लपटें और धुआं काफी ऊंचाई तक उठता रहा। बस रोजाना की तरह दोपहर करीब 3 बजे जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई थी। करीब 20 किलोमीटर दूर रास्ते में थईयात गांव के पास अचानक बस के पिछले हिस्से में धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। बचने के लिए लोग चलती बस से कूद गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी।

## DNA सैंपल के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए

हादसे में मरने वालों की पहचान के लिए उनके दो परिजनों से DNA सैंपल लिया जाएगा। इसके लिए महात्मा गांधी अस्पताल जोधपुर के कॉटेज संख्या 4 और 5 में और जैसलमेर स्थित जवाहर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में विशेष व्यवस्था की गई है।

हेल्पलाइन नंबर जिला नियंत्रण कक्ष जोधपुर- 0291-2650349, 2650350 महात्मा गांधी अस्पताल- 09414159222 राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला (FSL) जोधपुर-9414919021

ट्रॉमा सेंटर ,जवाहर अस्पताल, जैसलमेर-9460106451, 9636908033 जैसलमेर हेल्पलाइन नंबर- 9414801400, 8003101400, 02992 252201, 02992 255055






## जैसलमेर से सभी 19 शवों को जोधपुर भिजवाया

जैसलमेर से सभी 19 शवों को जोधपुर भिजवाया गया है। कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि बस आगजनी की इस दुखद घटना में यदि आपके कोई परिजन या परिचित लापता है अथवा संपर्क में नहीं आ पा रहे हैं, तो कृपया उनकी पहचान और राहत-सहायता कार्यों में सहयोग प्रदान करें।

## घायल की मां बोली- बस वालों पर कार्रवाई हो

घायल आशीष की मां बस वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही है। उनका कहना था कि 800 मीटर गाड़ी दौड़ाई। मेरे जैसी कई मां है जो रो रही होगी, चिल्ला रही होगी।

## जोधपुर के महेंद्र का पूरा परिवार खत्म

हादसे में महेंद्र मेघवाल का पूरा परिवार खत्म हो गया। महेंद्र जोधपुर के बालेसर के लावारान शेतरावा के रहने वाले थे। अभी वे जैसलमेर के इंद्रा कॉलोन में किराया पर रहते थे। वे गोला बारू डिपो में पोस्टेड थे। इस हादसे में महेंद्र मेघवाल, उनकी पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा हादसे का शिकार हो गए।

## सीएम ने हादसे का शिकार हुई बस देखा

सीएम भजनलाल शर्मा ने हादसे की शिकार बस को देखा। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों से चर्चा की। सीएम वहां से जोधपुर के लिए निकल गए।

## विधायक प्रतापपुरी बोले... 20 की मौत हुई

पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने कहा- इस हादसे में 19 बस में ही जल गए थे। एक की जोधपुर में रेफर करने के दौरान मौत हो गई। सीएम भावुक हो गए थे और वे अपने आप को नहीं संभाल पा रहे थे। इस घटना ने सभी को दुखी किया है। शवों की पहचान डीएनए से होगी। महंत प्रतापपुरी ने बताया कि- बस की बेट्री में शॉर्ट सर्किट हुआ। ऐसे में एसी की गैस बस में फैल गई। बस की बनावट भी संकरी थी। इन लोगों ने इमरजेंसी गेट भी पीछे लगा रखा था। जबकि दोनों तरफ होना चाहिए। इमरजेंसी तीन दरवाजे होने चाहिए। नई गाड़ी थी और एसी की गैस भी पूरी भरी हुई थी। लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला। महज पांच से सात मिनट में ही बस आग का गोला बन गया।

## डीएनए जांच के बाद सौंपे जाएंगे शव

इस हादसे में 20 लोगों की मौत हुई है। डीएनए जांच के बाद ही शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। बुधवार सुबह डीएनए जांच की जाएगी। इधर, सीएम करीब 15 मिनट तक जैसलमेर रुके और इसके बाद जोधपुर रवाना हुए। इस दौरान उनके साथ पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी भी थे।



# आरबीआई का नया रियल टाइम क्लियरिंग सिस्टम फेल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का नया रियल-टाइम चेक क्लीयरेंस सिस्टम ठप पड़ गया है। चेक क्लियरिंग की प्रक्रिया तेज करने के लिए 4 अक्टूबर से इस नए सिस्टम को लागू किया गया था। दावा किया जा रहा था कि कुछ घंटों में ही राशि ग्राहक के खाते में पहुंच जाएगी। तकनीकी गड़बड़ियों और कर्मचारियों में प्रशिक्षण की कमी के कारण यह व्यवस्था फेल हो गई है।

नया सिस्टम शुरू करने से त्योहारी सीजन में अरबों का लेनदेन अटक गया। व्यापारियों समेत आमजन भी परेशान हैं। आरबीआई की ओर से सोमवार को बैंकों को नियम में ढील दी गई है। पुरानी व्यवस्था के तहत चेक क्लियर होने शुरू हो गए हैं। नए सिस्टम का उद्देश्य था कि चेक जमा करने के कुछ घंटों में ही भुगतान हो जाए। इसके तहत चेक की एक डिजिटल तस्वीर स्कैन करके केंद्रीय क्लियरिंग टीम को भेजी जाती है, जिससे प्रक्रिया ऑटोमैटिक तेज हो सके। पुराने सिस्टम में चेक क्लियर होने में एक से दो दिन का समय लगता है। बैंक कर्मचारियों को इस नए मॉड्यूल की ठीक से ट्रेनिंग नहीं दी गई थी। डिजिटल इमेजिंग और डेटा एंट्री में गड़बड़ियों के अलावा कई बैंकों में सॉफ्टवेयर अपग्रेड के बाद डेटा सिंक्रोनाइजेशन की समस्या आ गई है।

# कफ सिरप के खिलाफ दुनियाभर के देशों को डब्ल्यूएचओ की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डब्ल्यूएचओ ने दुनियाभर के देशों से कहा है कि अगर उनके यहां ये दवाओं मिल रही हैं, तो हमें इसकी जानकारी दें।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोमवार को भारत में तीन मिलावटी कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की। इनमें श्रीसन फार्मास्यूटिकल की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ की खेप शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि तीनों सिरप गंभीर



जोखिम पैदा कर सकते हैं। ये जान के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारी का कारण भी बन सकते हैं। डब्ल्यूएचओ ने दुनियाभर के देशों से कहा है कि अगर उनके यहां ये दवाओं मिल रही हैं तो हमें इसकी जानकारी दें।

कोल्ड्रिफ वही सिरप है, जिससे मध्य प्रदेश में सितंबर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की मौत हुई है। सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी, जिससे बच्चों की जान गई। डब्ल्यूएचओ ने 9 अक्टूबर को भारत से पूछा था कि क्या कोल्ड्रिफ कफ सिरप विदेशों में भी निर्यात किया गया था। भारत में दवाओं की निगरानी करने वाली अथॉरिटी, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने कहा था कि कोई भी मिलावटी दवा बाहर नहीं भेजी गई। न ही अवैध निर्यात का कोई सबूत मिला है।






## आवश्यकता

प्रदेश के सबसे तेज और विश्वसनीय समाचार पत्र दैनिक बढ़ता राजस्थान को टोंक जिले में सभी तहसील मुख्यालयों पर संवाददाताओं की आवश्यकता है।इच्छुक पत्रकार साथी सम्पर्क करें।
पुरूषोत्तम जोशी
जिला ब्यूरो चीफ
टोंक, राजस्थान
मों. 9783610610

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया। 13 अक्टूबर की शाम 7 बजे से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर (LOC) के पास कुंबकडी के जंगल में यह ऑपरेशन जारी है। आतंकियों ने यहां से घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम किया है।



इससे पहले 8 सितंबर को सेना ने कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया था। गुड्डर के जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। सेना ने इसे 'ऑपरेशन गुड्डर' नाम दिया था। इस दौरान घायल हुए दो जवान भी शहीद हुए थे। ऑपरेशन गुड्डर में मारे गए एक आतंकी की पहचान शोपियां के रहने वाले आमिर अहमद डार के तौर पर हुई थी। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था और सितंबर 2023 से एक्टिव था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में यह भी शामिल था।

जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में इंटरनेशनल बॉर्डर से एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया था। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा का रहने वाला सिराज खान नाम के घुसपैठिए को ऑक्ट्रोई चौकी पर तैनात BSF जवानों ने देखा था। कुछ राउंड फायरिंग के बाद उसे बॉर्डर फेंसिंग के पास गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके पास से कुछ पाकिस्तानी करेंसी भी मिली थी।

## अंबाला में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कार्यक्रम स्थगित

**नई दिल्ली।** हरियाणा के अंबाला में प्रस्तावित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा स्थगित हो गया है। राष्ट्रपति 18 अक्टूबर को अंबाला में एयरफोर्स के कार्यक्रम में आने वाली थीं, लेकिन अब कार्यक्रम की नई तारीख तय की जाएगी। एयरफोर्स के पीआरओ ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन भी तैयारी में जुटा था। दौरे के स्थगित होने की वजह अभी सामने नहीं आई है। उधर, इससे पहले 17 अक्टूबर को सोनीपत में होने वाली प्रधानमंत्री की रैली भी स्थगित कर दी थी। सूत्रों के अनुसार, IPS वाई पूरन कुमार केस और त्योहारी माहौल की व्यस्तता भी इसका कारण हो सकता है। हालांकि, सरकार ने आधिकारिक तौर पर इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई।

## सम्पादकीय

# न्याय और न्यायाधिकरण, एआई से कामकाज पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनेगा

विभिन्न न्यायाधिकरणों में अटके मामलों और उनसे हो रहे आर्थिक नुकसान के आंकड़े हैरान करने वाले हैं। इन आंकड़ों के अनुसार न्यायाधिकरणों में 3.56 लाख मामले अटके हैं। इसके चलते 24.72 लाख करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। यह राशि जीडीपी का 7.48 प्रतिशत है। न्यायाधिकरणों की न्याय प्रणाली निराश करने वाली ही नहीं, देश के आर्थिक विकास की राह रोकने वाली भी है। यह एक विडंबना ही है कि न तो न्यायालयों में अटके पड़े करोड़ों लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए कुछ ठोस किया जा रहा है और न ही न्यायाधिकरणों में लंबित मामलों को निपटाने के लिए। न्यायिक क्षेत्र में सुधारों की आवश्यकता पर बल तो सभी देते हैं, लेकिन उसकी पूर्ति के लिए कोई आगे नहीं दिखता। यह स्थिति न्यायिक तंत्र के प्रति आस्था को डिगाने वाली है। न्यायाधिकरणों में लंबित मामलों का विवरण देने वाले थिंक टैंक दक्ष की रपट एक तरह से यही कहती है कि जिन उद्देश्यों के लिए इनका गठन किया गया, वे उसी काम को नहीं कर पा रहे हैं। वे न तो अदालतों का बोझ कम कर पा रहे हैं और न ही आर्थिक प्रशासन में निवेशकों का भरोसा बढ़ा पा रहे हैं। कोई भी समझ सकता है कि इससे विदेशी निवेश पर भी असर पड़ रहा होगा। न्यायाधिकरण अपना काम समय पर सही तरह इसलिए नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि उनमें स्टाफ का अभाव है और जो है भी, वह उस



विशेषज्ञता से लैस नहीं, जो आवश्यक है। न्यायाधिकरणों के फैसलों की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठते रहते हैं। एक समस्या यह भी है कि न्यायाधिकरण के जज और वकील अपना काम तत्परता से नहीं करते। न्यायाधिकरणों को समय पर फैसला देने के लिए जवाबदेह बनाने की कोई ठोस व्यवस्था बनाना समय की मांग है।

कहने को तो नेशनल कंपनी ला न्यायाधिकरण में किसी विवाद को निपटाने की समय सीमा 330 दिन है, पर वहां एक मामला निपटने में औसतन 752 दिन लगते हैं। यही स्थिति अन्य न्यायाधिकरणों की है। यदि आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ा रहे नीति-नियंता न्यायाधिकरणों के ढीले और समय खपाऊ कामकाज को लेकर चिंतित नहीं तो वे देश का अहित ही कर रहे हैं। दक्ष ने न्यायाधिकरणों को प्रभावी बनाने के लिए संस्थागत सुधारों की जो जरूरत जताई, वह पहले भी जताई जा चुकी है, पर नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। समय आ गया है कि विधि मंत्रालय और न्यायिक तंत्र इस जरूरत को पूरा करने के लिए ईमानदारी से आगे आएं। आवश्यकता हो तो नियम-कानून बदले जाएं। इसी के साथ तकनीक और विशेष रूप से एआइ का उपयोग किया जाए। आखिर जब एआइ कई समस्याओं का समाधान करने में सक्षम है तो उसका उपयोग करने में देरी क्यों? एआइ न्यायाधिकरणों के कामकाज को पारदर्शी, तेज और प्रभावी बना सकती है।

## आज का इतिहास


बढ़ता राजस्थान

### 15 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1686 - मुग़ल शासक औरंगजेब ने बीजापुर के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1866 - कनाडा स्थित फ्रेंच बहुल क्षेत्र क्यूबेक में जबरदस्त आग लगने से 2500 मकान जलकर खाक।
- 1923 - वर्ष का पांचवा उष्णकटिबंधीय तूफ़ान लीवर्ड द्वीप के उत्तर में आया।
- 1932 - टाटा कंपनी ने टाटा सन्स लिमिटेड नामक देश की पहली एयरलाइन की शुरुआत की।
- 1935 - टाटा एयरलाइन (जो कालांतर में एयर इंडिया बन गया) की पहली उड़ान।
- 1949 - त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
- 1958 - अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया ने मिस्र के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किए।
- 1970 - अनवर सदत मिस्त्र के राष्ट्रपति चुने गए।
- 1978 - सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- 1990 - सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।
- 1996 - फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।
- 1997 - अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ़ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
- 1998 - ग़रीबी उन्मूलन के लिए भारत की फ़ातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 1999 - चीन ने 12 हज़ार किलोमीटर तक मार करने वाले 'डी. एफ़.-41 आईसीबीएम' नामक प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया, जनरल जोसेफ़ रॉलस्टन नाटो के सर्वोच्च वाइस कमांडर नियुक्त।
- 2006 - संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।

## विशेष आलेख

# बिहार चुनाव में भाजपा और जदयू में 50-50 का फार्मूला, कौन बनेगा बड़ा भाई?



अशोक भाटिया, मुंबई

एनडीए के मुख्य घटक दलों भाजपा और जदयू को बराबर संख्या में यानी 101-101 सीटें दी गई हैं। इसके अलावा, अन्य सहयोगी दलों को भी चुनाव लडने के लिए हिस्सेदारी दी गई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को छ-छ सीटें दी गई हैं।एनडीए के महासचिव विनोद तावड़े ने इस सीट बंटवारे की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर साझा की। उन्होंने लिखा,संगठित और समर्पित एनडीए परिवार ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सीटों का वितरण पूर्ण किया। सभी सहयोगी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का खुशी-खुशी स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। इस सीट बंटवारे में स्पष्ट रूप से यह संकेत मिलता है कि भाजपा और जदयू दोनों प्रमुख दल अपने क्षेत्रीय प्रभुत्व को बरकरार रखना चाहते हैं। 101-101 सीटों का विभाजन दोनों दलों के बीच संतुलन बनाए रखने की रणनीति है। इसके अलावा, छोटी पार्टियों को हिस्सेदारी देना भी गठबंधन की मजबूती और चुनावी संतुलन बनाए रखने का हिस्सा है।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें दी गई हैं। यह संख्या इस बात का प्रतीक है कि गठबंधन में छोटे दलों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हम को छह-छह सीटें दी गई हैं, जो चुनाव में उनके स्थानीय और क्षेत्रीय प्रभाव को ध्यान में रखते हुए तय की गई हैं। इस सीट बंटवारें में कोई खास बात नहीं है सिवाय इसके किभाजपा और जेडीयू को बराबर-बराबर सीटें मिल रही हैं। अब तक प्रतीकात्मक ही सही जेडीयू की सीटेंभाजपा से अधिक रहतीं रहीं हैं। यही कारण है सोशल मीडिया पर आम जनता यह आंकलन कर रही है कि अब बिहार में जनता दल या नीतीश कुमार की बढ़े भाई की भूमिका का अंत आ गया है। लोगों का कहना है किभाजपा ने अपने हिसाब से एनडीए के लोगों को टिकट दे दिया है। जाहिर है कि बिहार विधानसभा चुनावों परिणामों के बाद जेडीयूभाजपा की पिछलग्गू पार्टी बनकर रह जाएगी। पर यह इतना आसान नहीं है। अगर नीतीश कुमार स्वस्थ रहते हैं तो उनकी कुर्सी को चैलेंज करने वाला न कोई एनडीए में है और न ही कोई महागठबंधन में है।जाहिर है कि विधानसभा चुनावों में अगर एनडीए को बहुमत मिलता है तो नीतीश कुमार की कुर्सी सुरक्षित कही जा सकती है। बताया जाता है कि नीतीश कुमार का कोर वोट बैंक- कुर्मी (4प्रतिशत), कोइरी (6प्रतिशत), और अन्य इबीसी (27प्रतिशत) -बिहार की सियासत में एन डी ए की रीढ़ है। 2020 में जे डी यू ने 43 सीटें जीतीं, लेकिन उनका वोट शेयर (15प्रतिशत) एन डी ए की कुल 37प्रतिशत वोट हिस्सेदारी का अहम हिस्सा था।भाजपा का अपना वोट (23प्रतिशत) अपर कास्ट और शहरी मध्यम वर्ग तक सीमित है। नीतीश कुमार की उम्र पर अगर ध्यान दें तो ये उनकी अंतिम राजनीतिक पारी हो सकती है।भाजपा जानती है कि जब तक नीतीश कुमार मजबूत हैं तब तक जेडीयू का अस्तित्व है। नीतीश कुमार अगर स्वास्थ्य कारणों से पार्टी के रोजमर्रा की राजनीति से दूर होते हैं तो पार्टी बिखर जाएगी। ऐसे में उनके कोर वोटर्स जैसे श्वक्चष्ट और महादलित वोटर महागठबंधन (आर जे डी +कांग्रेस) या प्रशांत किशोर की जन सुराज की ओर खिसक सकते हैं। जाहिर है किभाजपा के लिए फिर बिहार को फतह करना हमेशा के लिए मुश्किल हो जाएगा। यही कारण है किभाजपा नीतीश कुमार का साथ कभी नहीं छोड़ेगी।

भाजपा का सहयोगी दलों के साथ रिश्तों में विश्वसनीयता का सवाल बिहार में नीतीश की स्थिति को और मजबूत करता है। यूपी में 2022 मेंभाजपा ने अपना दल और निषाद पार्टी को कम सीटें देकर उनके साथ तनाव पैदा किया। झारखंड में ए जे एस यू और जेएमएम के साथ गठबंधन टूटने सेभाजपा को 2019 में नुकसान हुआ। बिहार में नीतीश के साथ ऐसा जोखिमभाजपा नहीं ले सकती।अगर चुनाव जीतने के बादभाजपा नीतीश को मुख्यमंत्री पद से हटाने की कोशिश करती है तो इसका संदेश यूपी और झारखंड जैसे राज्यों में सहयोगी दलों के साथ ईबीसी वोटों पर भी पड़ेगा।भाजपा को पहले से ही उसके सहयोगी दल शंका की दृष्टि से देखते रहे हैं। अगर नीतीश कुमार को सीएम नहीं बनाया जाता है तो यह संदेश जाएगा किभाजपा ने बिहार में धोखा किया है। नीतीश को मुख्यमंत्री बनाकरभाजपा सहयोगियों को संदेश देना चाहेगी कि वह 'गठबंधन धर्म' निभाती है। 2020 में जे डी यूकी 43 सीटों के बावजूद नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया गया, क्योंकिभाजपा को नीतीश की जरूरत थी। 2025 में भी यही रणनीति रहेगी।

नीतीश कुमार एन डी ए के लिए 'संतुलन बिंदु' हैं। बिहार की सियासत में जातिगत समीकरण और सामाजिक गठजोड़ अहम हैं। नीतीश का कुर्मी-श्वक्चष्ट-महादलित वोट बैंक एन डी ए को वह संतुलन देता है, जोभाजपा अकेले नहीं हासिल कर सकती। 2020 में जे डी यूकी 43 सीटें थीं, लेकिन नीतीश की साख ने एन डी ए को 125 सीटें दिलाईं। अगर जे डी यूकी सीटें कम हुईं, तो भी नीतीश की साख और गठबंधन में उनकी भूमिका एन डी ए को बहुमत दिलाएगी। हम के जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश के बिना एन डी ए का संतुलन बिगड़ेगा। नीतीश की कम सीटेंभाजपा को दबाव में ला सकती हैं, लेकिन उनकी जगह कोई और मुख्यमंत्री लाना एन डी ए को अस्थिर करेगा। सवाल यह भी है कि बिहारभाजपा में कोई ऐसा चेहरा नहीं, जो नीतीश की जगह ले सके। सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के पास न तो नीतीश जैसी व्यापक स्वीकार्यता है, न ही इबीसी-महादलित वोट खींचने की क्षमता।भाजपा का वोट बैंक (23प्रतिशत) अपर कास्ट (भूमिहार, राजपूत) और शहरी मध्यम वर्ग तक सीमित है। नीतीश की तरह कोईभाजपा नेता पूरे बिहार में स्वीकार्य नहीं है।कुछ लोग महाराष्ट्र का उदाहरण दे रहे हैं ।

कहा जा रहा है कि जिस तरह एकनाथ शिंदे को डिप्टी सीएम बना कर देवेंद्र फडणवीस को सीएम बना दिया गया ऐसा ही कुछ बिहार में हो सकता है। पर नीतीश कुमार न एकनाथ शिंदे हैं और न ही भाजपा के पास बिहार में कोई देवेंद्र फडणवीस है। एक्स पर एक यूजर ने एक पोल में पूछा, नीतीश के बादभाजपा का मुख्यमंत्री कौन? 60प्रतिशत ने कहा, कोई नहीं।

# चिदंबरम और कांग्रेसः सियासत का तूफान और इतिहास की परतें



प्रो. आरके जैन

*ऑपरेशन ब्लू स्टार—जून 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर परिसर से सशस्त्र उग्रवादियों, विशेष रूप से जरनैल सिंह भिंडरांवाले और उनके समर्थकों को हटाने के लिए शुरू की गई सैन्य कार्रवाई*

इतिहास की धूल भरी परतें जब सियासत के मंच पर उघड़ती हैं, तो वे न केवल पुराने घावों को कुरेदती हैं, बल्कि नए तूफान भी खड़े करती हैं। 12 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश के कसौली में खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव के मंच से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने एक ऐसा बयान दिया, जो भारतीय राजनीति में भूचाल लाने को काफी है। उन्होंने 1984 के ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलत तरीका करार देते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह बयान न केवल कांग्रेस के लिए आत्मघाती साबित हो सकता है, बल्कि भाजपा को एक ऐसा हथियार दे गया है, जो सिख समुदाय के घावों को हथियार बनाकर पंजाब की सियासत को गरमा सकता है। लेकिन सवाल यह हैः चिदंबरम का यह बयान क्या वाकई इतना निर्दोष है जितना लगता है, या यह कांग्रेस की आंतरिक कलह का एक और अध्याय है?

ऑपरेशन ब्लू स्टार—जून 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर परिसर से सशस्त्र उग्रवादियों, विशेष रूप से जरनैल सिंह भिंडरांवाले और उनके समर्थकों को हटाने के लिए शुरू की गई सैन्य कार्रवाई—भारत के इतिहास में एक काला धब्बा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस ऑपरेशन में 83 सैनिक शहीद हुए, जबकि अनौपचारिक अनुमान सैकड़ों तीर्थयात्रियों और उग्रवादियों की मौत की बात कहते हैं। स्वर्ण मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर सेना का प्रवेश धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला था, जिसने न केवल सिख समुदाय को आहत किया, बल्कि देश में गहरा सामाजिक और राजनीतिक तनाव पैदा किया। चिदंबरम ने अपने बयान में इस कार्रवाई को रणनीतिक भूल बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय अकेले तत्कालीन प्रधानमंत्री का नहीं था, बल्कि सेना, पुलिस, खुफिया एजेंसियों और प्रशासन के सामूहिक फैसले का नतीजा था। फिर भी, उन्होंने जोर दिया कि यह गलत था। उन्होंने 1988 के ऑपरेशन ब्लैक थंडर का उदाहरण दिया, जहां बिना मंदिर में सेना भेजे, बिजली-पानी काटकर उग्रवादियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया गया। यह तुलना उनके तर्क को मजबूती देती है—ऑपरेशन ब्लू स्टार हिंसक और अनावश्यक था, जबकि शांतिपूर्ण विकल्प मौजूद थे। चिदंबरम का यह बयान कांग्रेस के लिए विनाशकारी है। सबसे बड़ा कारण है पार्टी की ऐतिहासिक छवि। कांग्रेस ने हमेशा 1984 को राष्ट्रीय एकता के लिए दिए गए बलिदान के रूप में पेश किया है। हर चुनावी सभा में, हर मंच पर, तत्कालीन प्रधानमंत्री की शहादत को पार्टी का गौरव बताया जाता है। लेकिन चिदंबरम ने इस बलिदान को एक रणनीतिक गलती का परिणाम ठहराकर कांग्रेस की नींव हिला दी। यह बयान न केवल उस दौर की नीतियों पर सवाल उठाता है, बल्कि पार्टी की साख को भी चोट पहुंचाता है। पंजाब, जहां सिख वोटर निर्णायक हैं, वहां यह बयान पुराने घावों को फिर से खोल सकता है। 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार का एक कारण सिख समुदाय में असंतोष था; अब यह बयान उस आग में घी डालने का काम कर सकता है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**श्रवण कुमार झां (सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर)**

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार हैं भारतीय सेना में अपना पूरा जीवन लगाकर देश की रक्षा करने वाले जांबाज आर्मी ऑफिसर श्रवण कुमार झा। 15 जून सन 1961 में बिहार के समस्तीपुर जिले में जन्मे श्रवण कुमार झा को आर्मी में सेवा देने का नेतृत्व अपने पिताजी स्वः श्रीकांत झां जोकि बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर थे उनसे मिला। छोटे भाई भी बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर रहे । श्रवण कुमार झां सुबेदार मेजर पद से सेवानिवृत हुए हैं। सन 1978 में भारतीय सेना में भर्ती हुए महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के बाद वहीं तैनात रहे। सन 1980 में इलाहाबाद सन, 1982 में जम्मू, सन 1985 में ग्वालियर और सन 1990 में अलवर तैनात रहे। इसके बाद एक साल के लिए इंदौर तैनाती रही और सन 1992 में मेघालय शिलांग में माइनस डिग्री टेंपरेचर में देश की सेवा में तैनात रहे। 1995 में पंजाब के फिरोजपुर में तैनात रहे 2003 में जम्मू कश्मीर में रहे और 2006 में जम्मू कश्मीर सेवानिवृत हो गए मेजर सूबेदार श्रवण कुमार जहां एक शानदार आर्मी ऑफिसर के रूप में जाने जाते हैं। ये बटालियन के हैड भी रहे। पूरा परिवार ही भारतीय सेवा में समर्पित है इनके बड़े जमाई साब संजय कुमार असिस्टेंट कमांडर है इंडियन आर्मी दिल्ली में और छोटे जमाई साहब विजय कुमार शर्मा आसाम में भारतीय सेना में कर्नल पद पर तैनात हैं । शानदार आर्मी ऑफिसर के रूप में इन्हें जाना जाता है श्रवण कुमार झा ने बताया कि भारतीय सेवा में काम करने का जोश जज्बा और जांबाजी की भावना देशभक्ति की भावना अनंत और आदित्य है । दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# उत्सव के पटाखे और वायु प्रदूषण शिशुओं की फेफड़ों को कैसे नुकसान पहुंचा सकते हैं तथा उनकी रक्षा करने के तरीके

**विजय गर्ग**

उत्सव के पटाखे समारोह, खुशी और रंग का प्रतीक हैं। लेकिन जबकि वयस्क दृश्यों और ध्वनियों का आनंद लेते हैं, बच्चे धुएं, बारीक कणों और सल्फर डाइऑक्साइड जैसे हानिकारक गैसों के कॉकटेल में चुपचाप सांस ले रहे हैं। उत्सव समाप्त होने के बाद ये प्रदूषक हवा में लंबे समय तक रह सकते हैं, जिससे मोटी धुंध पैदा होती है जो शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से हानिकारक होती है। डॉ. अकुश गार्ग के अनुसार क्योंकि शिशुओं की फेफड़ों और प्रतिरक्षा प्रणाली अभी भी विकसित हो रही है, इसलिए वे अपने शरीर के वजन से अधिक तेज सांस लेते हैं, जिससे उन्हें प्रदूषण से संबंधित क्षति का सामना करना पड़ता हैशिशुओं के श्वसन स्वास्थ्य पर प्रदूषण क्या करता है प्रदूषित हवा के संपर्क में आने से खांसी, नाक की भीड़, सांस लेना और श्वसन संक्रमण हो सकता है। दीर्घकालिक संपर्क में आने से फेफड़ों का विकास धीमा हो सकता है, अस्थमा और जीवन के बाद एलर्जी होने की संभावना बढ़ सकती है। जिन शिशुओं में समय से पहले स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं, उन्हें इससे भी अधिक खतरा होता है। डॉ. गार्ग ने आगे कहा कि बेबियों के श्वसन मार्ग वयस्कों की तुलना में संकुचित होते हैं। प्रदूषकों से सूजन या चिड़चिड़ापन की थोड़ी मात्रा भी वयस्कों पर बहुत अधिक प्रभाव डाल सकती है। खराब वेंटिलेशन वाले इनडोर स्थानों में अपरिपक्व प्रतिरक्षा प्रणाली और लंबे समय तक संपर्क जोडन्ना, तथा शिशु अत्यधिक कमजोर हो जाते हैं। यह केवल बाहरी धुआं ही खतरा नहीं है। त्यौहारों के दौरान, विशेष रूप से बिना उचित वेंटिलेशन वाले घरों में भी इनडोर हवा की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपके मन में काम को लेकर कुछ नए-नए आइडिया आएंगे। बिजनेस में काम को लेकर यदि आपने किसी काम को लेकर पार्टनरशिप की, तो पार्टनर आपके लिए कोई नई समस्या खड़ी कर सकते हैं।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपके मौज-मस्ती की आदत आपको समस्या देगी। आपका कोई पुराना लेनदेन आपको समस्या दे सकता है।

**मिथुन**
आज आप अपने कामों को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखने की कोशिश करें। आप किसी कानूनी मामले को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे, जिसके लिए आपको कुछ अनुभवी व्यक्तियों से भी बातचीत करने की आवश्यकता है।

**कर्क**
आपको अपने खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने प्यार से मुलाकात होगी। आपको अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार-चढ़ाव लेकर आएगा। आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है। आप अपने घर के कामों में कोई बदलाव न करें।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए आय पर विशेष ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए किसी नए घर आदि की खरीददारी के लिए रहेगा। आप यदि किसी मित्र से धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा और आपको अपने परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में जुटेंगे। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी और आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचाना है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई काम करने के लिए रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपके चारों ओर का माहौल खुशनुमा रहेगा और आप छोटे बच्चों को लेकर कहीं घूमने फिरने भी जा सकते हैं। आपका प्रमोशन आदि मिलने से आप काफी खुश होंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका रुका हुआ धन मिलने से आपके काम भी आसानी से पूरे होंगे। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आपके आसपास का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

## अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा गौरीशंकर जांगिड़ लावा बने तहसील अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा मालपुरा के तहसील अध्यक्ष पद के लिए मतदान रविवार को हुआ। जिसमे लावा निवासी गौरीशंकर जांगिड़ विजय हुए। चुनाव अधिकारी राजेश जांगिड़ ने नव-निर्वाचित तहसील अध्यक्ष को शपथ दिलाई। मतदान शहर मे स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में हुआ। मतदान केन्द्र पर समाज के मतदाताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। चुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में थे। हनुमान प्रसाद जांगिड़ गणवर, गौरीशंकर जांगिड़ लावा एवं रामलाल जांगिड़ भीपुर के बीच मुकाबला हुआ। सुबह मतदान शुरू होते ही मतदाताओं की लंबी कतारें लग गईं। प्रत्याशी दिनभर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश में जुटे रहे। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर चुनाव अधिकारी राजेश जांगिङ, पर्यवेक्षक ओमप्रकाश जांगिड़ बगडी, केदारनारायण पीपलू एवं समाज के लोग मौजूद रहे।

## देवली-उनियारा में 12 क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के 10.75 करोड़ रुपए की स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** देवली-उनियारा विधानसभा क्षैत्र में बरसात से क्षतिग्रस्त हुए 12 सडक़ों व पुलियाओं की मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए 10 करोड़ 75 लाख रुपए की मंजूरी मिली हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर के संयुक्त सचिव द्वारा इन सडक़ों की प्रशासनिक व वित्तिय स्वीकृति जारी की हैं। इसके लिए विधायक राजेंद्र गुर्जर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया हैं। अब शीघ्र ही इन क्षतिग्रस्त सडक़ों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सडक़ों का काम शुरू किया जाएगा। विधानसभा क्षैत्र के कुंडेर से सेंदरी सडक़ की मरम्मत नवीनीकरण के लिए 83 लाख रुपए, उनियारा-पलाई-नगरफोर्ट-दूनी-आंवा सडक़ के लिए 85 लाख रुपए, उनियारा-इंद्रगढ़ सडक़ 3 करोड़ 85 लाख रुपए, महुआ से देवली 75 लाख, पाड़ल्याचारण, अनवरनगर से आली का भैरू 80 लाख, स्टेट हाई-वे 29 से अनवरनगर 82 लाख, सोप आमली से पायगा 5/200 सडक़ के लिए 30 लाख, सोप आमली से पायगा 5/800 सडक़ तक 30 लाख, गुराई से जैल रोड़ 83 लाख, गैरोली मुगलाना धुंआकला 22 लाख, आंवा सीतापुरा रोड़ से नयागांव कल्याणपुरा 55 लाख, एनएच-12 से पोल्याडी 65 लाख रुपए की स्वीकृति जारी हुई हैं। इन सभी बारिश से क्षतिग्रस्त सडक़ों की मरम्मत नवीनीकरण होने से क्षेत्र के लोगों, वाहन चालकों को बेहतर सडक़ सुविधा मिलेगी तथा लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

## खून की कमी से बचाएगी आयरन की खुराक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई।

जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा आज टोंक में समीक्षा बैठक लेंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा 15 अक्टूबर को जिले के दौरे पर रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा सुबह 10.30 बजे जिला परिषद सभागार में खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। उसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे एवं आत्मनिर्भर भारत जीएसटी कार्यशाला में भाग लेंगे।

## सचिन पायलट आज टोंक में

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** एआईसीसी महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी टोंक विधायक सचिन पायलट 15 अक्टूबर को टोंक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वे अंबेडकर स्टेडियम टोंक में सांय4 बजे इंडोर स्टेडियम एवं रनिंग ट्रेक का उद्घाटन करेंगे। साथ ही कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद जिला संगठन प्रभारी, पीसीसी सदस्य, विधानसभा प्रभारी, प्रधान नगर, परिषद सभापति, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के जिलाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष, पार्षद, इकाई अध्यक्ष तथा कांग्रेस जन भाग लेगें।

## बाल कल्याण संरक्षण समिति की त्रै-मासिक बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** शिव शिक्षा समिति रानोली द्वारा एमपावर के सहयोग से संचालित युवा सशक्तिकरण परियोजना के तहत पंचायत समिति हतौना में पंचायत स्तर पर बाल कल्याण संरक्षण समिति की त्रै-मासिक बैठक हुई।

परियोजना अधिकारी पूनम जोनवाल ने बताया कि युवा सशक्तिकरण परियोजना के तहत 4 पंचायत के 15 गाँव में परियोजना संचालित है। बाल अधिकारिता विभाग, मानव तस्करी विरोधी यूनिट, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन, पंचायत स्तर पर बाल कल्याण संरक्षण समिति आदि तंत्र बच्चों व किशोर, किशोरियों की सुरक्षा के लिए काम करता है, किसी भी तरह की समस्या होने पर यहाँ शिकायत कर सकते हैं।

इस अवसर पर सरपंच पति छोटूलाल गुर्जर ने बताया कि पंचायत स्तर पर बाल कल्याण संरक्षण समिति के त्रै-मासिक बैठक में बाल सरंक्षण तंत्र के मुद्दों पर जानकारी देना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### घरेलू उपभोक्ताओं को मामूली राहत के साथ औद्योगिक वर्ग पर भारी शुल्क और सरचार्ज का बोझ डाला

# बिजली का बिल मारेगा करंट, फिक्स चार्ज दोगुना, बैक डोर से 78 प्रतिशत तक आर्थिक भार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा)।** राजस्थान में बिजली उपभोक्ताओं को अगले माह से बिजली बिलों में बड़ी आर्थिक मार झेलनी पड़ सकती है। घरेलू उपभोक्ताओं को मामूली राहत के साथ ही औद्योगिक वर्ग पर भारी शुल्क और सरचार्ज का बोझ डाला गया है। बिजली के बिल अब अगले माह से झटका देने वाले हैं। कुछ राहत देने के साथ बैक डोर से बड़ा भार डाला जा रहा है। यह भार घरेलू से लेकर औद्योगिक श्रेणी पर भी देखने को मिलेगा। घरों में झटका थोड़ा कम लगेगा, लेकिन उद्योगों को बड़ा झटका लगेगा।

नए प्रावधानों के अनुसार 300 यूनिट से अधिक बिजली उपभोग करने वाले उद्योगों के लिए स्थायी शुल्क 450 रुपए से बढ़ाकर 800 रुपए प्रति किलोवॉट कर दिया गया है, जो लगभग 78 प्रतिशत की वृद्धि है। प्रति यूनिट 1 रुपए का रेगुलेटरी सरचार्ज लगाया गया है, जो पहले शून्य था। उद्योगों को पूर्व में दी जा रही 1 रुपए प्रति यूनिट की लोड फैक्टर राहत भी समाप्त कर दी गई है। हालांकि बेसिक चार्ज में 65 पैसे प्रति यूनिट की कटौती की गई है पर अन्य शुल्कों में वृद्धि के कारण उद्योगो के लिए कुल विद्युत लागत में लगभग 2.50 रुपए प्रति यूनिट की वृद्धि हुई है। प्रति यूनिट दरों से लेकर स्थाई शुल्क के रूप में भार बढ़ने वाला है।

नए प्रावधान में 78 फीसदी तक वृद्धि

नए प्रावधानों के अनुसार 300 यूनिट से अधिक बिजली उपभोग करने वाले उद्योगों के लिए स्थायी



### घरेलू बड़े उपभोग पर पड़ेगा भार

300 यूनिट बिजली उपभोग वालों पर कोई भार नहीं है। 500 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वालों को प्रति यूनिट 35 पैसे और 65 पैसे की छूट दी गई है। जबकि स्थाई शुल्क 400 प्रति कनेक्शन प्रति माह से बढ़ाकर 500 रुपए किया गया है। 500 यूनिट से ज्यादा उपभोग करने पर टैरिफ में 35 और 50 पैसे कम किए गए हैं लेकिन शुल्क 450 प्रति कनेक्शन से बढ़ाकर 800 रुपए किया गया है। रेगुलेटरी सरचार्ज के रूप में भी भार पड़ेगा। 100 यूनिट प्रतिमाह का उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं से 0.70 रुपए प्रति किलोवाट। इसके अलावा अन्य डोमेस्टिक व अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं से 1 रुपए प्रति किलोवाट तक रहेगा। यह रेगुलेटरी सरचार्ज फ्यूल व पावर परचेज का मिश्रण है।

शुल्क 450 रुपए से बढ़ाकर 800 रुपए प्रति किलोवाट कर दिया गया है। जो लगभग 78 प्रतिशत की वृद्धि है। प्रति यूनिट 1 रुपए का रेगुलेटरी सरचार्ज लगाया गया है, जो पहले शून्य था। उद्योगों को पूर्व में दी जा रही 1 रुपए प्रति यूनिट की लोड फैक्टर राहत भी समाप्त कर दी गई है। स्मॉल इंडस्ट्री केटेगरी में 500 यूनिट से ज्यादा उपभोग पर स्थाई शुल्क पहले 120 रुपए एचपी प्रतिमाह से बढ़ाकर 150 रुपए किया गया है। मध्यम उद्योग श्रेणी में प्रति यूनिट 7 रुपए से दर कम कर 6.50 रुपए किया गया है। 255 रुपए प्रति केवी बिलिंग डिमांड राशि से बढ़ाकर 275 रुपए किया गया है। वृहद उद्योग में 7.30 रुपए व 6.30 रुपए यूनिट का अलग-अलग टैरिफ था, जिसे एक समान 6.50 रुपए प्रति यूनिट किया गया है। लेकिन स्थाई शुल्क 300 रुपए प्रति केवी से बढ़ाकर 380 रुपए प्रति केवी प्रति माह किया गया है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने टोंक शहर में की कार्यवाही

## दूषित 100 किलो बर्फी, 50 किलो मावा और 115 किलो मिल्क पाउडर किया नष्ट

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा डॉ0 टी शुभमंगला के निर्देशन में दीपावली के त्योहार को देखते हुए जिला जिला कलक्टर टोंक के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए दिनांक 14/10/2025 डॉ0 शैलेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाअधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने टोंक शहर में संचालित श्रीराम मिष्ठान भंडार काफिला बाजार टोंक के कारखाने पर छापा मारा। मौके पर राम प्रजापत मिल्क पाउडर जैसे पावडर से मावा व मावा बर्फी बनाते हुए पाया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि उक्त फर्म से मावा, मावा बर्फी व मिल्क पाउडर जैसे पावडर का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया तथा

उक्त मावा बर्फी लगभग 100 किलो व मावा 50 किलो व मिल्क पाउडर जैसे पावडर लगभग 115 किलो प्रथम दृष्टया मिलावटी दिखाई देने तथा गलत तरीके से बनाए जाने के कारण मौके पर ही नष्ट करवाया गया। साथ ही प्रतिष्ठान मालिक को एफएसए एक्ट के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया। इसी के साथ टीम ने एवन मिष्ठान भंडार से मीठा मावा व रसगुल्ला का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया। उक्त अभियान लगातार जारी रहेगा जिले के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देश दिए गये कि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ का विकय करने के आदेश दिए तथा अशुद्ध खाद्य पदार्थों का विकय नहीं करे। ताकि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सके। उक्त कार्यवाही के दौरान टीम में रामेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र सैनी, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) की प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया भाग

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) की प्रदेश स्तरीय बैठक कॉन्स्टिट्यूशन भवन विधानसभा परिसर जयपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं, शैक्षणिक सुधारों तथा लंबित मांगों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में जिला टोंक से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छोटू लाल चन्देल, रमेश बोयत, ओमप्रकाश वर्मा, जिला सभाध्यक्ष सुरेश कुमार बंसीवाल, पूर्व जिला सभाध्यक्ष एवं सलाहकार समिति सदस्य रामरतन गुगलिया, जिला मंत्री जितेन्द्र बैरवा, तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष हरिराम बड़ीवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष जयंती प्रकाश नुवाल ने बताया कि बैठक मे 15 सूत्रीय मांगपत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें वाइस प्रिंसिपल एवं प्रिंसिपल पदों की काउंसलिंग रोस्टर के अनुसार की जाए, छात्रवृत्ति वितरण मूल्य सूचकांक के आधार पर किया जाए, ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को पुनः लागू किया जाए, आगामी प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की तैयारियों पर विचार.विमर्श किया गया। पूर्व जिला कलेक्टर ओमप्रकाश बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों की काउंसलिंग प्रक्रिया को रोस्टर प्रणाली के अनुरूप किया जाना चाहिए, जिससे पारदर्शिता एवं न्याय सुनिश्चित हो सके। जिला मंत्री जितेंद्र बैरवा ने बताया कि तृतीय श्रेणी अध्यापकों के प्रमोशन में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए, शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखा जाए, प्रतियोगिता परीक्षाओं में शिक्षकों की ड्यूटी रोटेशन या एक पारी में लगाई जाए तथा अवकाश दिवसों पर क्षतिपूर्ति अवकाश दिया जाए, बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के सत्रांक व लिखित अंकों से संबंधित अनुचित आदेशों को वापस लिया जाए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण बारूपाल ने कहा कि संघ की सभी उचित मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी रूप से रखा जाएगा, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

## टोंक के सर्किट हाउस में आधी रात को हंगामा क्यों ?

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष के चयन के लिए टोंक आई कांग्रेस पर्यवेक्षक सहित कांग्रेस दल ने टोंक सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं के दबाव में आकर सर्किट हाउस प्रबंधन द्वारा उनके असिस्टेंट से रात 12.30 बजे बदतमीज़ी कर कमरा खाली कराने के आरोप लगाए। दरअसल कांग्रेस संगठन अभियान के तहत कांग्रेस पर्यवेक्षक राजेश कच्छप, प्रद्युमन सिंह और फूल सिंह ओला सहित कांग्रेस पदाधिकारियों का एक दल टोंक सर्किट हाउस में रुका था। कांग्रेस पदाधिकारीयों का आरोप है की बीती देर रात करीब 12.30 बजे उनके निजी सचिव विकास तिरघी से सर्किट हाउस प्रबंधन ने कमरा खाली करा लिया। आरोप है की भाजपा नेता के लिए उनके द्वारा पहले से बुक कमरे से उनको निकाल दिया गया। आरोप यह भी है की दिव्यांग निजी सचिव विकास को धक्के देकर बाहर निकाला गया। मामले को लेकर कांग्रेस पर्यवेक्षक राजेश कच्छप ने पीएम मोदी और अमित शाह से लेकर कांग्रेस आलाकमान तक शिकायत करने की बात करते हुए पक्षपात किए जाने के आरोप लगाए है।वहीं पूरे मामले में टोंक सर्किट हाउस की मैनेजर नाजिया ने सभी आरोपों को नकाते हुए प्रोटोकॉल के अनुसार ही रूम देने की बात कही है।.

### खाद्य सुरक्षा विभाग की भाड़ोती, मलारना डूँगर,गंगापुर सिटी में कार्रवाई

## बाजार दाम से बहुत कम दाम पर बेच रहे थे मिल्क केक, मिलावट की आशंका, लिए सैंपल

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा)।** प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सी एम एच ओ सवाई माधोपुर डॉक्टर अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम की टीम ने छापेमार कारवाही की ।टीम ने भाड़ौती स्थित नवीन जनता जोधपुर स्वीट होम से मोतीचूर के लड्डू,गर्ग ब्रदर्स भाड़ौती से काजू टुकड़ी,व गोविंद मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी व दूसरे जिले से मंगा रहे मिल्क केक जो कि बाजार दाम से बहुत कम दाम पर खरीद कर रहे थे जिसमे मिलावट की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए गए ।इसके बाद पप्पू मिष्ठान भंडार मिर्जापुर,गंगापुर सिटी मावा निर्माता से मावा व गुरुकृपा मावा भंडार से भी मावा का नमूने लिए ।

इसके बाद टीम देव मिष्ठान भंडार गंगापुर सिटी पहुची व खीरमोहन का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया। लिए गए सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाया गया

लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा

# समयसीमा में व गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सर्वोच्च प्राथमिकताः कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, सवाई माधोपुर में निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान मुख्य बिल्डिंग, बॉयज़ एवं गर्ल्स हॉस्टल, जलापूर्ति, इंटरनेट, बिजली और स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री कार्य की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने आरएसआरडीसी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बॉयज़ हॉस्टल के मुख्य कार्य 15 दिसंबर तक पूर्ण किए जाएं, साथ ही दिवाली बाद फ्लोरिंग कार्य प्रारंभ कर एक माह में पूरा किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को मेडिकल कॉलेज के लिए सेपरेट फीडर व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) को कॉलेज परिसर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलक्टर ने ड्रेनिज सिस्टम की समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को वैकल्पिक समाधान अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज भवनों के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में गठित निगरानी समिति द्वारा नियमित निरीक्षण एवं थर्ड पार्टी गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज सवाई माधोपुर जिले के लिए चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा। संबंधित विभाग समन्वयपूर्वक कार्य करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें।

बैठक में प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार गुप्ता, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग अशोक कुमार बुजैठिया, नोडल अधिकारी डॉ. महेश मीणा, परियोजना निदेशक आरएसआरडीसी आर.के. दीक्षित, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग पंकज मीणा, एईएन पीएचईडी बच्चन सिंह मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब उदय द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह सूत्रधार आज

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। रोटरी क्लब उदय द्वारा बुधवार 15 अक्टूबर को प्रात: साढ़े ग्यारह बजे सुभाषनगर स्थित ओरियंटल पैलेस रिसोर्ट में इस वर्ष का वोकेशनल अवार्ड समारोह आयोजित किया जायेगा। क्लब अध्यक्ष राघव भटनागर ने बताया कि इस समारोह में शहर के जाने मानें मीडिया संस्थानों, प्रिन्ट,इलेक्ट्रोनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकारों को सूत्रधार नाम से सम्मानित किया जायेगा। पत्रकार समाज एवं सरकार के बीच सूत्रधार की भूमिका निभा कर समस्याओं के निराकरण में मुख्य भूमिका निभाते है।

# डीपीएस, उदयपुर के खिलाड़ियों का एथलेटिक्स मुकाबले में शानदार प्रदर्शन




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता दिनांक 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक अंडर-14 वर्ग हेतु राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भिंडर व अंडर-17 तथा अंडर-19 वर्ग हेतु राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भुवाणा में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के विद्यार्थियों ने अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 सभी वर्गों में उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा व कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय में एथलेटिक्स की प्रशिक्षिका कुमकुम सैनी ने बताया कि अंडर 14 वर्ग में कक्षा 7 की आरना चैहान ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इसी क्रम में 4म 100 रिले दौड़ में योशिता सुथार, रक्षिता शर्मा, प्रिशा जैन और आरना चैहान ने द्वितीय स्थान पर जीत हासिल कर रजत पदक पर अपनी दावेदारी सुनिश्चित कर ली। अंडर-17 वर्ग में कक्षा 9 के देवेन्द्र सिंह ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने सभी खिलाड़ियों को व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# प्रागपुरा थाने के नवनियुक्त एसएचओ कश्मीर सिंह का माला-साफा पहनाकर स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के निर्देशानुसार हाल ही में प्रागपुरा थाना प्रभारी का पदभार संभालने वाले कश्मीर सिंह का मंगलवार को भाजपा मंडल महामंत्री मिंटू शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर मिंटू शर्मा एवं उपस्थित ग्रामीणों ने नव नियुक्त एसएचओ कश्मीर सिंह को माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया तथा उन्हें हनुमान चालीसा भेंट की। कार्यक्रम के दौरान भामाशाह मुकेश कुमार सोनी ने कश्मीर सिंह का स्वागत करते हुए कानून व्यवस्था के सुचारू संचालन में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसएचओ कश्मीर सिंह ने ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा जताई। इस दौरान मुकेश सोनी, रवि पंडित, छोटूराम सैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पशुपालकों ने अनुदान राशि सीधे पशुपालकों को देने, पशुओं तथा पशु पालकों का बीमा व पशुपालक कल्याण बोर्ड की मांग उठाई

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर किसान दुग्ध एवं किराणा व्यापार संघ ने दूध की गुणवत्ता एवं मूल्यांकन के साथ ही राज्य सरकार द्वारा समान अनुदान राशि सीधे पशुपालकों को देने, पशुओं तथा पशु पालकों का बीमा करने तथा पशुपालक कल्याण के लिए निर्णय करने जैसी मांगों पर बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय किए हैं। साथ ही संघ ने अपने विस्तार क्षेत्र में दूध के मूल्य फैट के आधार पर तय किए है तथा दही, पनीर के भावों का भी नवीन निर्धारण किया है। संघ के अध्यक्ष विजय पटेल ने बताया कि किसान, पशुपालक और किराणा व्यापारी पूरी मेहनत करने के बाद आज भी संघर्ष कर रहे हैं। कहने में इनको सभी अन्नदाता कहते हैं, लेकिन जब ये ही अन्नदाता मौसम की मार व आपदा के वक्त मुसीबत में आ जाता है, तब कोई इनकी मदद को आगे नहीं आता। सरकार की ओर से भी फौरी कार्रवाई औ सर्वे का दिलासा देकर इतिश्री कर ली जाती है। पटेल ने बताया कि इसी को देखते हुए मेवल एवं छप्पन क्षेत्र के पटेल-राजपूत बंधुओं की उदयपुर किसान दुग्ध एवं किराणा व्यापार संघ के बैनर तले बैठक हुई जिसमें सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में एकता सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। खास तौर से दूध की गुणवत्ता और मूल्यांकन को लेकर निर्णय किया गया है।

# तिरंगे में लिपटा लौटा लाल: 14 राजपूताना राइफल्स के अग्निवीर भीम सिंह को सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

## आठ महीने पहले ही सेना में भर्ती हुए थे, पहली पोस्टिंग पर ही देश की रक्षा में न्योछावर कर दिया अपना जीवन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा(सुशील कुमार बंसल)।** देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूत अग्निवीर भीम सिंह (19) को मंगलवार को उनके पैतृक गांव भौनावास में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। चारों ओर ''भारत माता की जय'' और ''वीर जवान अमर रहे'' के नारों से वातावरण गूंज उठा। पूरा गांव शोक और गर्व की मिश्रित भावना में डूब गया। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में 5 अगस्त को बादल फटने की भीषण आपदा आई थी। इस हादसे में हर्षिल स्थित आर्मी कैंट के कई जवान लापता हो गए थे। इन्हीं में भौनावास निवासी अग्निवीर भीम सिंह, जो 14 राजपूताना राइफल्स में शामिल थे। कुछ दिन पहले सेना को एक शव बरामद हुआ था, जिसकी डीएनए रिपोर्ट से पहचान भीम सिंह के रूप में हुई। सेना के सीओ हर्षवर्धन सिंह ने परिजनों को इसकी सूचना दी। मंगलवार अलसुबह लगभग 5:25 बजे शहीद का पार्थिव शरीर एम्बुलेंस के माध्यम से सेना के जवानों द्वारा प्रागपुरा पुलिस थाने पर लाया गया। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके बाद पार्थिव देह को प्रागपुरा से भौनावास (9 किमी) तक तिरंगा यात्रा के रूप में ले जाया गया।

### सैकड़ों युवाओं ने पैदल और बाइक रैली में भाग लिया

सैकड़ों युवाओं ने पैदल और बाइक रैली में भाग लिया,पूरा मार्ग ''भारत माता की जय'' और ''वीर जवान अमर रहे'' के नारों से गूंज उठा। ग्राम भौनावास स्थित राजकीय विद्यालय व पीएचसी के समीप शहीद अग्निवीर भीम सिंह का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों ने सलामी दी और चचेरे भाई अमन सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। जैसे ही अंतिम संस्कार की अग्नि प्रज्ज्वलित हुई, पूरा क्षेत्र गम और गर्व की भावना में डूब गया। शहीद को श्रद्धांजलि देने पहुंचे जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह पुष्पांजलि अर्पित करने के दौरान अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें निजी वाहन से पावटा उपजिला अस्पताल पहुंचाया, जहां वरिष्ठ चिकित्सकों की निगरानी में उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उनकी स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है। शहीद की अंतिम यात्रा में केंद्रीय मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद राव राजेंद्र सिंह, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बानसुर विधायक देवी सिंह, और विराटनगर विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़, प्रेमसिंह बाजौर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अग्निवीर भीम सिंह की शहादत न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व की बात है। ऐसे वीर सपूतों के ऋण को भारतवर्ष कभी नहीं भूल सकता। भीम सिंह ने 1 नवंबर 2024 को भारतीय सेना में प्रशिक्षण शुरू किया था और 5 जून 2025 को ट्रेनिंग पूर्ण की थी। इसके बाद उन्हें 14 राजपूताना राइफल्स में हर्षिल कैंट (उत्तराखंड) में पहली पोस्टिंग मिली थी। महज आठ महीने की सेवा में ही उन्होंने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। शहीद के पिता महेश सिंह किसान हैं, जबकि माता विनोद कंवर बीपी की मरीज हैं। बड़ा भाई कंवरपाल सिंह (23) ने बताया कि वे भी सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाई ने देश के लिए जान दी है, अब मैं भी उसी राह पर चलना चाहता हूं।

अंतिम संस्कार में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम डॉ. साधना शर्मा, एसपी देवेन्द्र कुमार विश्नोई, एएसपी वैभव शर्मा, विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत, प्रागपुरा एसएचओ कश्मीर सिंह, भाभरू एसएचओ अंकित सामरिया, जिला सीएमचों आशीष सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सत्ताईसा राजपूत समाज अध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत, भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी, पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता तारा पूतली, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत, नगरपालिका उपाध्यक्ष नरपत सिंह, युवा नेता महेश यादव, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, धूड़सिंह शेखावत, मालिराम बाडिगर, कमल यादव, बद्री प्रसाद चौहान, भूरीभड़ाज प्रशासक कैलाश चंद स्वामी, योग गुरू पूरणमल यादव, विकास यादव, पूर्व पंचायतसमिति सदस्य हरिद्वारी लाल स्वामी, धर्मसिंह भैंसलाना, नागेन्द्र सिंह, बाबूलाल सैनी, पूर्व पंच राजेन्द्र स्वामी, रूपसिंह शेखावत, अनिल शर्मा, पंकज यादव, बृजपाल सिंह और बड़ी संख्या में ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। जब सेना ने अंतिम सलामी दी, तब पूरा गांव ''जय हिंद! वीर जवान अमर रहे!'' के नारों से गूंज उठा। हर व्यक्ति की आंखें नम थीं, लेकिन हृदय गर्व से भरा हुआ था। अग्निवीर भीम सिंह की शहादत ने न केवल उनके परिवार को, बल्कि पूरे क्षेत्र को प्रेरणा और गौरव से भर दिया।

# वर्षा में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को मिली मंजूरी

## विधायक कृपलानी की अनुशंसा पर निंबाहेड़ा-छोटीसादड़ी क्षेत्र के लिए 5.14 करोड़ की स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के अनुशंसा पर राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में क्षतिग्रस्त सडक़ों एवं पुलियाओं की मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

विधायक कृपलानी ने बताया कि राज्यभर में वर्षा से क्षतिग्रस्त 1592 कार्यों की स्थायी मरम्मत हेतु कुल 79,880.30 लाख (लगभग 798.80 करोड़ रुपए) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

इसी क्रम में निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र की तीन सडक़ों और चार पुलियाओं की मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु कुल 514 लाख (5.14 करोड़ रुपए) की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि निम्बाहेड़ा ब्लॉक के कनेरा घाटा क्षेत्र में श्रीनगर-लक्ष्मीपुरा गांव से मध्यप्रदेश बॉर्डर तक सडक़ निर्माण के लिए 40 लाख, वहीं कनेरा-निंबोदा रोड से आजोता तक सडक़ मरम्मत के लिए 80 लाख की स्वीकृति दी गई है।

वहीं, छोटीसादड़ी ब्लॉक में साटोला से करजू तक उदपुरा होते हुए सडक़ निर्माण कार्य के लिए 140 लाख की स्वीकृति जारी की गई है, इसके साथ ही क्षेत्र की चार पुलियाओं के नवीनीकरण के लिए भी स्वीकृति मिली है, जिसमें ईटों का तालाब से हरमरा की रेल की पुलिया मरम्मत हेतु 50 लाख, ढावटा से पीलीखेड़ा की पुलिया हेतु 22 लाख, देवाक माता की पुलिया हेतु 25 लाख तथा धोलापानी से मानपुरा पुलिया मरम्मत हेतु 18 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

विधायक कृपलानी ने बताया कि इन सभी कार्यों के पूर्ण होने पर न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण अंचलों को बेहतर सडक़ सुविधाएं भी प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक प्रत्येक कार्य की अनुशंसा राज्य सरकार के समक्ष की जा रही है ताकि आमजन को बुनियादी सुविधाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। इन स्वीकृतियों के जारी होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष एवं संतोष का माहौल है। ग्रामीणों ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सार्वजनिक निर्माण मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रति धन्यवाद एवं विधायक कृपलानी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सडक़ों एवं पुलियाओं की मरम्मत से लंबे समय से चली आ रही परेशानी का समाधान होगा।

# जाट समाज चौरासी प्रतिभा सम्मान समारोह 200 प्रतिभाओं को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जाट समाज चौरासी प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन हुआ। जाट समाज चौरासी महामंत्री देवीसिंह सोलंकी व मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि जाट समाज चौरासी के तत्वावधान में जाट समाज चौरासी सम्मान समारोह छात्रावास में? आयोजित हुआ जिसमें 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा व विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील, प्रदेश सचिव राजपाल चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू, उपाध्यक्ष शीशराम कटेवा, राजस्थान युवा जाट महासभा प्रदेशाध्यक्ष दिनेश कुमार निठारवाल, जाट महासभा भरतपुर जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुन्तल, साहित्यकार रामवीर सिंह वर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेन्द्र सिंह सोलंकी, सरपंच संघ अध्यक्ष भूदेव डागुर, अतिरिक्त विकिसाधिकारी लखन सिंह कुन्तल, उपजिला कलेक्टर हेमराज गुर्जर, घाटरी सरपंच कप्तान चौधरी रहें और अध्यक्षता जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी ने की।

# खनन परियोजना के विरोध में एसडीएम कार्यालय का घेराव



## ग्रामीणों ने जताया रोष, जल-जंगल व जमीन बचाने की मुहिम

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** पिण्डवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित खनन परियोजना को निरस्त किए जाने की मांग कर रहे ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने शहर में रैली निकाली तथा नारेबाजी करते हुए जल-जंगल व जमीन बचाने की मांग रखी। धरना-प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान वक्ताओं ने भी आक्रोश जताया तथा क्षेत्र में प्रस्तावित खनन परियोजना को निरस्त करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना रहा कि खनन की यह प्रस्तावित योजना तत्काल निरस्त की जाएं और क्षेत्र की कृषि भूमि, पर्यावरण व ग्रामीण जीवन को सुरक्षित रखा जाएं। ग्रामीणों ने चेताया कि प्रशासन और सरकार ने जनभावनाओं की अनदेखी की तो आगामी दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा। चूना पत्थर खनन परियोजना को निरस्त करने की मांग के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने रैली निकाली। उपखंड अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। इसके बाद ग्रामीणों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि इस परियोजना को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वाटेरा, भीमाना, भारजा, रोहिड़ा, तरूंगी, सरूपगंज समेत आसपास के कई गांवों से पिण्डवाड़ा पहुंचे। कई लोग वाहनों से तो कई पैदल ही धरना स्थल पर आए। सुबह से ही आसपास के गांवों में रैली को लेकर लोगों का उत्साह रहा। हाथों में बैनर व तख्तियां लेकर ग्रामीण नारेबाजी करते हुए हाइवे होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

**यह ग्रामीणों के साथ कुठाराघात है :** पिण्डवाड़ा में सभास्थल पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान नेताओं ने मंच साझा किया। साथ ही ग्रामीणों के संघर्ष को समर्थन दिया। वक्ताओं ने कहा कि चार ग्राम पंचायत वाटेरा, भीमाना, भारजा व रोहिड़ा की करीब 800 हैक्टेयर उपजाऊ जमीन खनन के लिए किसी कंपनी को देना ग्रामीणों के साथ कुठाराघात है।

फिल्ड क्लब में योगा फेस्ट आयोजित

# 21 व्यक्तिगत एवं 2 ग्रुप रिकॉर्ड बनें, महामृत्युंजय मंत्र पर बना देश का पहला विश्व रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर (नि.स.)।** डायनेमिक योगा स्टूडियों की ओर से मंगलवार को फिल्ड क्लब मैदान पर योगा फेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 2370 लोगों द्वारा 108 बार महामृत्युंजय मंत्र,फेस योगा व 21 लोगों द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर किये गये योगा को लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन एवं संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी थी।

योगा फेस्ट की संयोजक योग गुरू डॉ. गुनीत मोंगा ने बताया कि इस योगा फेस्ट की निर्णायक टीवी एक्ट्रेस एवं कोरियोग्राफर अमनप्रीत कौर थी। उदयपुर के इंटरनेशनल बुक ऑफ वल्र्ड रिकॉर्ड में शामिल होने की घोषणा करते हुए उन्होंने डायनामिक योग स्टूडियो और शिवोहम सोल एंव जेसमीत कौर टीम को रिकॉर्ड के सर्टिफिकेट्स प्रदान किये। अतिथियों ने भी इसमें भाग लेकर 108 बार महामृत्युंजय का उच्चारण किया। राजस्थान से यह पहला मौका है जबकि 2 ग्रुप के लिये एक साथ वल्र्ड रिकॉर्ड के लिये आवेदन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि अमनप्रीत कौर सीआईडी, आयुष्मान, तीन देवियां और हातिम जैसे सीरियल्स में और अजय देवगन, अभिषेक बच्चन और राजेश खन्ना जैसे अभिनेताओं के साथ के काम कर चुकी हैं और डांस संबंधित कई विश्व रिकॉड्र्स बना चुकी हैं। डॉ.मोंगा ने बताया कि देश में पहली बार महामृत्युंजय मंत्र पर 2370 लोगों द्वारा 108 बार किये गये उच्चारण ने विश्व रिकॉर्ड बना दिया। इसके अलावा एक साथ 2200 लोगों द्वारा किया गया फेस योगा ने भी विश्व रिकॉर्ड बनानें में मुख्य भूमिका अदा की।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा 21 विश्व रिकार्ड बनें जिनमें कुशाग्र नागदा द्वारा 27 मिनिट 30 सेकण्ड तक किया गया पूर्ण भुजंगासन,मीनल महेश्वरी परिवृत्त जानु शीर्षासन 8 मिनिट 13 सेकण्ड, नेहा माली बद्ध परिवृत्त पार्श्व कोणासन 9 मिनिट, नूपुर साहू योग निद्रा आसन 18 मिनिट, रंजना तलेसरा कर्ण पिदासन 5 मिनिट, अमीषा परियानी ऊर्ध्व पद पद्म सर्वांगासन 3.50 मिनिट, पूनम साहू हलासन 22 मिनिट 48 सेकण्ड, नितेश कुमार डागरिया पद्मासन 60 मिनिट, ईशा विरवानी भुनमन आसन 18 मिनिट 30, लवली भाटी अर्ध मत्स्येन्द्रासन 10 मिनिट, मानव कुमावत बद्ध पद्मासन 40 मिनिट,यशस्विनी पांडे मालासन 30 मिनिट, आशा लसोड़ आनंद बालासन 7 मिनिट, डॉ. रोहित कुमावत 10 परिवृत्त पार्श्व कोणासन 5 मिनिट, श्वेता शर्मा वीरभद्रासन 29 मिनिट 37 सेकण्ड,सरिता वालवानी अर्ध हलासन 13 मिनिट, शिवि कपूर परिघासन 6 मिनिट, रीना पहूजा वक्रासन 28 मिनिट, मान्या शर्मा रामदूत आसन 60 मिनिट, बलदीप कौर बड़ा गोमुख आसन 41 मिनिट शामल रहे।

इस अवसर सनराईज कालेज के संस्थापक हरीश राजानी, फिल्ड क्लब के उपाध्यक्ष उमेश मनवानी,सचिव भूपेन्द्र श्रीमाली, यूसीसीआई अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया,विजयलक्ष्मी गलुण्डिया,डॉ. स्वीटी छाबड़ा, सुषमा कुमावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## बापू नगर पीएम श्री बालिका विद्यालय की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने वाली छात्राओं का सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेंद्र गगड़ मुख्य अतिथि रहे, जबकि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुवाणा रामेश्वर प्रसाद जीनगर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्थानीय पार्षद लव कुमार जोशी और लाडो फाउंडेशन के लक्ष्मण सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि रहे। प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में विज्ञान प्रभारी लक्ष्मी शर्मा के निर्देशन में चंचल कंवर ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बॉक्सिंग में प्रभारी पुष्पा अग्रवाल के साथ बेना नाथ ने राज्य स्तर पर रजत पदक एवं संध्या स्वाइन ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेटबॉल प्रभारी सुधा जाट के मार्गदर्शन में शिवानी जाट (17 वर्ष वर्ग), अक्षरा गवारिया (19 वर्ष वर्ग) और अनीशा चौधरी, नेहा कुमावत, राधिका जाट, कृष्णा नाथ ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सपना जाट, दिव्या राव और कृष्णा बेरवा ने 14 वर्ष वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गाइड प्रभारी अमर ज्योति के साथ राष्ट्रीय जंबूरी, लखनऊ के लिए चयनित 16 गाइडों और योगासन में जिला स्तर पर प्रथम रही दिव्या गाडरी एवं प्रबल कार्यक्रम में चयनित जिया कोटिया को अतिथियों ने तिलक लगाकर, ऊपरना ओढ़ाकर, मोमेंटो, प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने हेतु प्रेरित किया तथा राज्य स्तरीय समृद्धि कार्यक्रम 2025 में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली व्याख्याता (जीव विज्ञान) गौरव कुमारी की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक एम. कोडिस ने किया और उप प्रधानाचार्य मीनाक्षी सुनील ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजय कुमार जैन और सीमा जेठिया सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## बून्दी जिला कार्यकारी में जिला उपाध्यक्ष नागर का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारणी में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र नागर व जिला मंत्री मंजू वर्मा का भाजपा कार्यकर्ताओ ने स्वागत एंव सम्मान किया गया। पालिका बाईपास रोड़ पर एक नीजी रिर्सोट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र नागर को भाजपा कार्यकर्ताओ ने माला,सॉफा पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान नैनवां शहर एंव देहात मंडल के पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख तौर से पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता नागर, शहर अध्यक्ष अनिल रंगीला, महेंद्र नागर, आशीष जैन, राधाकृष्ण सैनी,राजाराम मीणा, गोपी लाल सैनी, नरेंद्र निर्मल, सूरज गुर्जर एडवोकेट, कौशल साहू, श्रीमती मनमीत कौर ,आशा सैनी, कृष्ण मुरारी तिवारी,राजू चैधरी, कपिल पोरवाल, रामबाबू वर्मा ,मदन चैधरी, रामलाल सैनी, मनोज भाट्ट, दया कृष्ण शर्मा, शंभू पटेल, रेशम सिंह मीणा,महेंद्र सेन, उदय लाल गुर्जर, संजय जांगिड़, जितेंद्र भाट्ट, मुकुट दाधीच , अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल अध्यक्ष अनिल रंगीला ने किया।

सबको साथ लेकर काम करेगें-नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्रनगर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पार्टी की रीति और नीति के अनुसार सभी कार्यकर्ताओ को साथ लेकर कार्य करेगें। कार्यकर्ताओ की भावना के अनुरूप कार्य किया जाने का प्रयास रहेगा। भाजपा संगठन में कार्यकर्ता ही पार्ट्री की जान होती है। उनका प्रयास रहेगा कि कार्यकर्ताओ की मंशानुरूप कार्य हो।

## संभावित लंपी रोग से गौवंश आया चपेट में, पशुपालन विभाग सर्वे कर किया उपचार



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** खानपुरा पंचायत क्षेत्र के गांवो में संभावित लंपी बीमारी ने एक बार फिर दस्तक दी है। कई गौवंश संभावित लंपी बीमारी की चपेट में है। ज्यादातर गौवंश में बछड़े रोग से ग्रसित है। गौवंश के शरीर पर ब्लैक स्पॉट के रूप में सूजन है। सोमवार को गौवंश लंबी बीमारी की चपेट में आने के बाद ग्रांमीणो ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर रोग ग्रसित गौवंश का उपचार किया जाने की मांग की गई थी। पशुपालको ने बताया कि आवरा मवेशियो में संभावित लंपी बीमारी ज्यादा है। लंबी बीमारी की रोकथाम नहीं होने पर अन्य मवेशी भी इस रोग में आने की संभावना है। जोइंट डायरेक्टर ने गठित की टीम-जोइंट डायरेक्टर डॉ रामलाल मीणा ने ग्रांम पंचायत खानपुरा में संभावित बीमार गोवंश की सूचना मिलने पर खंड पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग नैनवां द्वारा टीम गठित की गई। जिसमें डॉ. नरेंद्र कुमार वर्मा , प्रवीण कुमार मीणा पशुधन प्रसार अधिकारी ,पवन चैधरी पशुधन निरीक्षक , महेंद्र कुमार प्रजापत पशुधन निरीक्षक,द्रोपदी गुर्जर पशुधन निरीक्षक, ओमप्रकाश गुर्जर , भवानी शंकर सैनी पशु परिचर शामिल रहे।

**तीन बछड़ियो का किया उपचार :** टीम द्वारा ग्राम पंचायत खानपुरा में 110 गोवंश का सर्वे किया गया । जिसमें से तीन गौवंश की बछड़ियो में संभावित लंपी जैसे लक्षण पाये जाने पर टीम द्वारा रोग ग्रसित बछड़ियो का उपचार किया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी प्रवीण कुमार मीणा ने बताया कि टीम द्वारा खानपुरा पंचायत के केवट नगर,खानपुरा,टोपा,मानपुरा सहित अन्य गांवो में सर्वे किया जा रहा है। दिन में मवेशी कम मिलने से अब टीम द्वारा सांय या सवेरे गौवंश का सर्वे करके जहां जहां संभावित लंपी बीमारी के लक्षण है उनका उपचार किया जा रहा है। मौसम बदलने एंव मच्छरो के प्रकोप से गौवंश में ऐसे लक्षण नजर आ रहे है,लेकिन संभावित लंपी बीमारी से मौत होने जैसी जानकारी नहीं मिल पाई है। फिर भी पशुपालन विभाग द्वारा गठित टीम द्वारा पूरी पंचायत से जुड़े हुए गांवो का सर्वे करके संभावित लंपी से ग्रसित गौवंश का उपचार किया जा रहा है।

### आनंदू अजी आत्महत्या प्रकरण में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

# आरएसएस मुख्यालय पर भारतीय युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

### अजमेर युवा कांग्रेस के साथी भी शामिल

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** केरल के 26 वर्षीय इंजीनियर आनंदू अजी द्वारा आत्महत्या के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सदस्यों पर लगाए गए यौन शोषण के गंभीर आरोपों को लेकर आज भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब जी के निर्देशानुसार दिल्ली स्थित आरएसएस मुख्यालय (केशव कुंज) पर एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस प्रदर्शन में अजमेर शहर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा के नेतृत्व में अजमेर से दिल्ली पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पहुंचकर आरएसएस कार्यालय के बाहर विरोध जताया और न्याय दो आनंदू को, आरएसएस जवाब दो जैसे नारे लगाए।

युवा कांग्रेस ने आज दिल्ली में कई जगह आरएसएस संगठन का विरोध किया और मांग की कि केंद्र सरकार और जांच एजेंसियां इस मामले में उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को सख्त सजा दें।

मोहित मल्होत्रा जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस ने कहा यह सिर्फ आनंदू अजी की आत्महत्या नहीं, बल्कि देश के हर उस बच्चे की चीख है जो ऐसे संगठनों के अंदर शोषण का शिकार बन रहा है। यदि ऐसे मामलों में न्याय नहीं मिला, तो यह समाज और न्याय प्रणाली दोनों पर प्रश्नचिह्न होगा। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में आरएसएस और संबंधित आरोपियों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो युवा कांग्रेस देशभर में आंदोलन को तेज करेगी

दिल्ली आरएसएस मुख्य कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे कार्यकर्ताओं में उपस्थित जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा, प्रदेश सचिव अकबर हुसैन, जिला महासचिव अंकित गोविंद पंवार, गर्व दत्त शर्मा, फैजान हैदर, यश बुंदेल, प्रिंस प्रजापत, चेतन पिंगोलिया, अली नासिर, साजिद खान, युवराज सिंह, प्रशांत कुमार, लेख सिंह, सिद्धांत शर्मा, राहुल रावत, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।



**युकां की प्रमुख माँगें**

1. आनंदू अजी आत्महत्या प्रकरण की सीबीआई जांच कराई जाए।
2. आरएसएस के प्रशिक्षण शिविरों और शाखाओं की स्वतंत्र निगरानी की जाए।
3. सरकार यह स्पष्ट करे कि एफआईआर से आरएसएस का नाम क्यों हटाया गया।
4. दोषियों को सख्त कानूनी कार्रवाई के तहत दंडित किया जाए।

# दीपावली पर बच्चों के लिए मिट्टी के दीयों और लैंप बनाने की कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** दीपावली के पर्व को ध्यान में रखते हुए भीलवाड़ा में एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जब दीपिका आर्ट अकादमी और नवदीप के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों के लिए मिट्टी के दीये और लैंप बनाने की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पारंपरिक भारतीय मिट्टी कला के प्रति रुचि उत्पन्न करना और उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था।

कार्यशाला में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पना को मूर्त रूप देते हुए सुंदर दीये और लैंप तैयार किए। बच्चों को इस कला की बारीकियां कुशल कलाकार राजेंद्र प्रजापति ने सिखाईं। उन्होंने प्रत्येक बच्चे को व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया, जिससे हर प्रतिभागी ने अपनी रचनाओं में रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया। इस पहल को लेकर शहर में काफी उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा और महिलाएं स्वयं उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। बच्चों ने मिट्टी की कच्ची सामग्री से दीपक और लैंप बनाने की तकनीक सीखी और उन्हें रंग और सजावट के साथ खूबसूरती प्रदान की।

कार्यशाला में भाग लेने वाले बच्चों में प्रमुख रूप से नव्या जैन, शेफाली राठौर, काव्या, संस्कृति कोठारी, दिशा नाथानी, अंश अग्रवाल, ख्याति समरिया, आदिति जैन, सिमरन कौर, वेदांश तिवारी, साइनो बेसर, सोना कोठारी, हितेन पुरोहित, असमी बांगड़, अनुष्का गट्टानी, हीरा शारदा, प्राक्षी डागा, ईसी ईरानी, अमिशा शारदा, गुंजन बाहेड़िया, लक्षिका, मिराया शारदा, रिद्धिमा पेरीवाल, अविषा शारदा, यशवंत राणावत और आरिका बंसल शामिल थे।

## दीपोत्सव पर कपासन में होगी विशेष साज-सज्जा प्रतियोगिता

### व्यापार मंडलों की पालिका सभागार में बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में नगर क्षैत्र के बाजारो की साज-सज्जा को आकर्षक बनाने एवं निजी प्रतिष्ठान सजावट को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर पालिका मंडल कपासन के तत्वावधान में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजु देवी सोनी ने बताया कि दीपोत्सव पर्व को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिये नगर के बाजारों में होने वाली साज-सज्जा,रोशनी एवं लाईट डेकोरेशन को आकर्षक बनाने एवं इस हेतु स्थानीय व्यापारी वर्ग को प्रोत्साहित कर दीपोत्सव पर्व को भव्यता प्रदान करने में जनभागीदारी बढ़ाने हेतु नगर पालिका मण्डल द्वारा एक विशेष साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।जिसके तहत समस्त व्यापार मण्डल कपासन को आज बुधवार को आमंत्रित कर नगर पालिका सभागार में बैठक का आयोजन होगा।जिसमे उक्त प्रतियोगिता संबंधी विस्तृत जानकारी से व्यापारी वर्ग को अवगत कराते हुवे सुझावों के साथ विस्तृत चर्चा की जायेगी।

इधर नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी ने बताया कि प्रदेश की भजनलाल सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका मण्डल कपासन द्वारा दीपोत्सव पर्व पर नगर के विभिन्न चौराहों,बाजारों एवं राजकीय भवनों पर आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी।

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की जेल

### पॉक्सो कोर्ट भीलवाड़ा ने सुनाया फैसला, 1.21 लाख का जुर्माना भी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के गंभीर मामले में पॉक्सो कोर्ट संख्या-01, भीलवाड़ा ने आरोपी आवेश सिलावट को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और ?1,21,000 के अर्थदंड से दंडित किए जाने का आदेश दिया है।

प्रकरण के अनुसार, प्रार्थी ने दिनांक 7 दिसंबर 2024 को थाना भीमगंज में रिपोर्ट दी थी कि उसकी बहन अपने नाबालिग दो बच्चों सहित पिछले छह महीनों से प्रार्थी के घर रह रही थी। उसकी नाबालिग भांजी मानसिक रूप से कमजोर थी। पिछले कुछ दिनों से वह डरी-सहमी रहने लगी। जब परिजनों ने प्रेमपूर्वक पूछताछ की, तो बालिका ने बताया कि उसके साथ एक युवक ने गंदा काम किया।



पीड़िता ने बताया कि तीन दिन पूर्व अपने घर के पास स्थित लाइब्रेरी के एक लड़के ने उसे इशारा करके बुलाया, चाउमीन खिलाने के बहाने गार्डन में ले गया, जहां उसने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और गलत तरीके से स्पर्श कर दुष्कर्म किया। पूछताछ में बालिका ने उस युवक का नाम आवेश सिलावट बताया।

पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। जांच में अभियुक्त आवेश सिलावट के विरुद्ध विकृत दुष्कर्म एवं पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध प्रमाणित पाए जाने पर चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की गई। पीड़ित पक्ष एवं राज्य सरकार की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने पैरवी करते हुए 12 गवाहों एवं 23 दस्तावेजों के आधार पर साक्ष्य प्रस्तुत किए। सभी साक्ष्यों पर विचार करते हुए माननीय न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र, पॉक्सो कोर्ट संख्या-01, भीलवाड़ा ने अभियुक्त आवेश सिलावट को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,21,000 के जुर्माने की सजा से दंडित किए जाने का आदेश सुनाया।

### चातुर्मासिक में दीपावली तक होगा उत्तराध्ययन सूत्र का वाचन

## मदन मुनि म.सा. के 72वें दीक्षा दिवस पर गुणानुवाद सभा एवं एकासन तप आज

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** श्रमण संघीय प्रवर्तक महाश्रमण मदन मुनि म.सा. के 72वें दीक्षा दिवस पर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान एवं शासन प्रभाविका कंचन कंवर म.सा. के सानिध्य में आज बुधवार को गुणानुवाद सभा एवं एकासन तप का आयोजन किया जायेगा।

जानकारी अनुसार श्रमण संघीय प्रवर्तक महाश्रमण मदन मुनि म.सा. का 72वां दीक्षा दिवस पर आज 15 अक्टू. बुधवार प्रातः 8.40 बजे उत्तराध्ययन सुत्र का वाचन तथा 9.15 बजे गुणानुवाद सभा होगी।

उल्लेखनीय है कि श्रमण संघीय प्रवर्तक महाश्रमण मदन मुनि म.सा. के 72वें दीक्षा दिवस के अवसर पर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के तत्वावधान में नगर के अंबेश भवन मे विराजित शासन प्रभाविका कंचन कुंवर म.सा. ठाणा 3 के सानिध्य में गुणानुवाद सभा एवं एकासन तप का आयोजन किया जायेगा।जिसके लाभार्थी राजेश कुमार,ईशान कुमार खाब्या परिवार रहेगा।साथ ही चार्तुमासिक आयोजन के अंतर्गत उत्तराध्ययन सुत्र का वाचन दिपावली पर्व तक होगा।यहां मंगलवार को आयोजित धर्मसभा मे घंटाकर्ण महावीर का जाप हुआ।जिसकी प्रभावना भीलवाड़ा निवासी मनोहरलाल मेहता की रही।



इस दौरान महासाध्वी डॉ. हर्ष प्रभा के उदयपुर मे देवलोकगमन पर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने

श्रद्धासुमन अर्पित करते हुवे कहाकि महासाध्वी डॉ. हर्ष प्रभा का देवलोकगमन श्रमण संघ हेतु अपूर्णीयक्षति है।

इसके उपरांत महासाध्वी कंचन कंवर म.सा. द्वारा उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को चार लोगस्स का जाप कराया गया।

### उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना को हिन्दू मुस्लिम सब मिलकर कर रहे दुआँ

# ख़्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य के लिए हो रही हैं दुआएं

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** श्री प्रेमानंद जी महाराज के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना को लेकर मंगलवार को अजमेर दरगाह शरीफ़ में ख़्वाजा गरीब नवाज हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के दरबार में 3 दिनों से विशेष दुआएं की जा रही हैं । इस अवसर पर कई धर्मो के लोग व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और देश में एकता के संदेश के लिए प्रार्थना की।

दरगाह में उपस्थित अंजुमन सय्यद जादगान के सदस्य जनाब सय्यद गफ्फार हुसैन काज़मी और सय्यद अहतेशाम अहमद चिश्ती ने भी इस अवसर पर विशेष दुआएं मांगीं। उन्होंने कहा कि श्री प्रेमानंद जी महाराज की शिक्षा और संदेश हमेशा प्रेम, सद्भावना और भाईचारे पर आधारित रहे हैं, और आज पूरा अजमेर उनकी अच्छी सेहत और दीर्घायु के लिए ख़्वाजा गरीब नवाज के दर पर हाथ उठाए दुआ कर रहा है।

उन्होंने कहा कि महाराज ने हमेशा गंगा-जमुना तहज़ीब और मानवता के मिलन का संदेश दिया है। आज जब समाज में एकता और सहयोग की आवश्यकता है, ऐसे में उनका मार्गदर्शन प्रेरणा बना हुआ है। यह पहल केवल दुआ ही नहीं, बल्कि एक संदेश भी है कि प्रेम और सौहार्द ही भारत की असली पहचान हैं। उन्होंने कहा कि यह पैगाम प्रेमानंद जी महाराज तक पहुंचे कि उनके अनुयायी और प्रशंसक देशभर में उनकी सेहत के लिए कामना कर रहे हैं और उनसे आग्रह है कि शीघ्र स्वस्थ होकर फिर से समाज में प्रेम और शांति का पैगाम दें।

कार्यक्रम के दौरान दरगाह पर शांति, एकता और प्रार्थना का भाव देखने को मिला, जिसमें हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने एक साथ मिलकर मानवता और सद्भाव की मिसाल पेश की।

## दीपोत्सव से पहले प्रशासन हुआ सक्रिय, ब्यावर में एसडीएम के नेतृत्व में रात्रि गश्त

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह के नेतृत्व में सोमवार देर रात प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर में रात्रि गश्त की। टीम ने पाली बाजार, सुभाष उद्यान, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान बिना वजह समूह बनाकर बैठे लोगों को समझाइश दी गई । एसडीएम दिव्यांश सिंह ने कहा कि दीपावली पर्व पर कानून-व्यवस्था एवं जन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि देर रात तक आवारा घूमने या अनुशासन भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## साहित्यकार चंद्रभान वर्मा चंद्र को लोहागढ़ साहित्य मनीषी की उपाधि से किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** राजस्थान जन सांस्कृतिक परिषद भरतपुर द्वारा डीग के साहित्यकार कवि चंद्रभान वर्मा चंद्र को उनके उत्कृष्ट सहित सृजन के लिए सोमवार को भरतपुर में आयोजित समारोह में लोहागढ़ साहित्य मनीषी की मानद उपाधि प्रदान करते हुए पगड़ी , पटका, माला शाल एवं गणेश जी महाराज की तस्वीर प्रदान कर सम्मानित किया है।

इस अवसर पर संस्था द्वारा विभिन्न राज्यों से आए करीब 70 साहित्यकारों और कवियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं संपादक वेद प्रकाश वेद,प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश आजाद,श्याम सिंह जघीना, राजेंद्र अनुरागी एवं डॉ लोकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार और संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

## नसबाडा में 5 लाख से निर्मित इंटरलॉकिंग खरंजा मय नाली का किया लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के गांव नसवाड़ा में विधायक डॉ शैलेश सिंह ने विधायक निधि से स्वीकृत पाँच लाख रुपये के लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग खरंजा मय नाली निर्माण रामजीत के घर से स्कूल की तरफ़ कार्य का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर सरपंच मुकेश सिंह, नंदराम सिंह, अशोक, नेमसिंह, मानसिंह, सुखदेव, बदन सिंह व अन्य ग्रामवासियों द्वारा विधायक डॉ शैलेश सिंह का चाँदी का मुकुट, साफा व माला पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों ने ग्राम नसवाड़ा में खेल मैदान, नसवाड़ा से शीशवाड़ा तक सड़क निर्माण कार्य करवाये जाने, शमशान की चारदीवारी निर्माण व अन्य समस्याओं से विधायक को अवगत कराया । जिस पर विधायक डॉ सिंह ने उक्त सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाये जाने का आश्वासन दिया।इस अवसर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि नसवाड़ा व नसवाडा कॉलोनी के लिए विधायक निधि से पाँच-पाँच लाख रुपये स्वीकृत कर निर्माण कार्य करवाये गये है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जायेगी और आगे भी अन्य विकास कार्य करवाये जायेंगे। कार्यक्रम में भाजपा डीग ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, पूर्व प्रधान देवी सिंह, भूपेन्द्र भटावली, जगदीश सहारई, शिवचरण जाटव, प्रभाती पंडित, करन मास्टर सिनसिनी, सुरेश बैलारा, जीतू बनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाड़ी नगर पालिका की लापरवाही के कारण जल भराव, आमजन को परेशानी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी(राजू शर्मा)।** बाड़ी शहर में गंदगी और जलभराव की समस्या से परेशान पार्षदों ने उपखंड अधिकारी और नगर पालिका कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। पार्षदों ने दीपावली से पहले इस समस्या के समाधान की मांग की है। उनका आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

वार्ड 12 की पार्षद अनीता मीणा ने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को दिए ज्ञापन में बताया कि महाराज बाग और संत नगर रोड पर नाला अवरुद्ध होने के कारण मुख्य रास्ते में जलभराव हो रहा है। इस जलभराव से गंदगी जमा हो रही है, जिससे 33 केवी फीडर के रास्ते में भी पानी भर गया है। इससे डिस्कॉम कर्मचारियों और तकनीशियनों को निकलने में परेशानी होती है। पार्षद मीणा ने आरोप लगाया कि उन्होंने पूर्व में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को लिखित और मौखिक रूप से इस समस्या से अवगत कराया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन सौंपते समय उनके साथ राजवीर सिंह, अमिताभ बच्चन, हरिसिंह, सतीश मीणा, मनीराम, सौरभ और वार्ड के अन्य नागरिक मौजूद थे।

वहीं, वार्ड पार्षद रोहित मंगल और अग्रवाल समाज के पदाधिकारी रामनिवास गर्ग ने अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित शिविर में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि सब्जी मंडी स्थित गौरी पक्का की दुकान के बगल का नाला पिछले पांच साल से साफ नहीं हुआ है। नाले की सफाई न होने और लगातार गंदगी फैलने से मुख्य बाजार में पानी भर जाता है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सभी पार्षदों ने प्रशासन से दीपावली से पूर्व इन समस्याओं का त्वरित समाधान की अपील की है।

## फायरिंग मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर के नगला बीधौरा गांव में करीब एक महीने पहले फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर झगड़े के दौरान एक व्यक्ति पर गोली चलाने का आरोप है, जिससे वह घायल हो गया था।

पुलिस ने ब्रजपाल उर्फ छिग्गा पुत्र रामेश्वर और देवेश पुत्र ब्रजपाल, निवासी थाना कंचनपुर, धौलपुर को गिरफ्तार किया। ये दोनों हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे थे।घटना 19 सितंबर, 2025 को हुई थी। विष्णु पुत्र रामनिवास (36), निवासी नगला बिधौरा ने पुलिस को बताया था कि पार्वती नदी के बीहड़ों में जमीनी विवाद को लेकर ब्रजपाल, देवेश और अन्य लोगों ने उस पर फायरिंग कर दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर, राजस्थान पुलिस मुख्यालय के धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। धौलपुर ग्रामीण सैपऊ के वृत्ताधिकारी अनूप सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। आरोपी घटना के बाद से ही फरार थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से आगे की पूछताछ की जा रही है।

### किसान सम्मान निधि की पहली किस्त 75 लाख किसानों के खातों में होगी ट्रांसफर

# सीएम भजनलाल 18 को नदबई आएंगे, सहकारिता मंत्री गौतम दक ने लिया तैयारियों का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शनिवार 18 अक्टूबर को नदबई में प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर सहकारिता मंत्री गौतम दक ने मंगलवार को नदबई कृषि उपज मंडी में सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को समयबद्ध और सुचारू रूप से पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सहकारिता मंत्री ने सभा स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की सभा में आने वाले आमजन की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभा स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त होनी चाहिए ताकि कार्यक्रम सुचारू और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि नदबई में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के दौरान प्रदेश के लगभग 75 लाख किसानों के बैंक खातों में किसान सम्मान निधि की पहली किस्त सीधे ट्रांसफर की जाएगी। यह पहल राज्य सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों की आय को बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर महत्वपूर्ण है, बल्कि किसानों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। राज्य सरकार की यह पहल किसानों के कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगी।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने सभा स्थल पर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं आवश्यक तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए सहकारिता मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना समय पर कराने की बात कही। केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड भरतपुर के प्रबंध निदेशक रोहित सिंह ने सभा स्थल पर सहारिता विभाग द्वारा किसानों को लाने एवं सुविधाओं के बारे में बताया।

निरीक्षण के दौरान जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, उपखण्ड अधिकारी गंगाधर मीणा, सहकारिता विभाग के अतिरिक्त रजिस्ट्रार इन्दर सिंह, केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड अलवर के प्रबंध निदेशक के.एन. शर्मा, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

## खाद्य विभाग की टीम ने लिए मिठाइयों के सैंपल

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत राजसमंद जिले में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ. टी. शुभ मंगला के आदेशानुसार तथा जिला कलेक्टर श्रीअरुण कुमार हसीजा के निर्देशन में निरंतर निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमंत कुमार बिंदल ने बताया कि दीपावली के त्योहार पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत दिनांक 6 अक्टूबर 2025 से आज दिनांक तक कुल 45 नमूने जांच हेतु लिए जा चुके हैं।

मंगलवार को अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से मावा, कलाकंद, काजू कतली एवं रसगुल्ले आदि मिठाइयों के कुल 7 नमूने जांच हेतु लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, उदयपुर



भिजवाया जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण एवं नमूनीकरण की यह कार्रवाई सतत रूप से जारी रहेगी तथा मिलावट करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री प्रेमचंद शर्मा एवं सहायक महेंद्र सिंह शामिल रहे।

## हाईवे पर आगई गांव के पास गोवंश को बचाने के चक्कर में पलटा ई-रिक्शा, वृद्ध की मौत

### आगई थाना पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम, ग्रामीणों ने की मदद की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी(राजू शर्मा)।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर सरमथुरा रोड आंगई गांव के पास सोमवार की रात सड़क हादसा हो गया। सरमथुरा से डीजे की प्लेट लेकर लौट रहा ई-रिक्शा जब आगई गांव के पास पहुंचा तो सड़क पर बैठे गोवंश को बचाने के चक्कर में पलटी खा गया। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। वहीं उसमें बैठे दो छोटे बच्चे चोटिल हुए।

घटना की सूचना पर पहुंची हाईवे एंबुलेंस 1033 से सभी घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिय। आगई थाना पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी रखवाया। मंगलवार को परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए प्रशासन से मदद की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बसेड़ी के अतरसुमा निवासी इस्माइल खां ने बताया कि उनके ताऊ 60 वर्षीय हब्बी खां पुत्र छुट्टन मुसलमान कल शाम 5 बजे बसेड़ी से सरमथुरा भाड़ा लेकर अपने दो छोटे बच्चों के साथ गए थे। लौटते में उन्होंने सरमथुरा से डीजे की प्लेट ई रिक्शा में भरकर वापस बसेड़ी लौट रहा है। इस दौरान आगई के



पास सड़क पर बैठे गोवंश को बचाने के चक्कर में उनका ई-रिक्शा पलट गया और हब्बी के रिक्शे और प्लेटो के नीचे दबने से मौत हो गई। उसके दो छोटे बच्चे भी चोटिल हुए। जिन्होंने जैसे-तैसे लोगों के सहयोग से उसे बाहर निकाला। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉ कल्पना मित्तल ने उनको मृत घोषित कर दिया। इस्माईल ने बताया कि उनके ताऊजी के पांच बच्चे है। जिनमे तीन लड़कियां दो लड़के हैं। सभी अभी छोटी उम्र के हैं। हब्बी ही रिक्शा चलाकर सभी का पेट पालन कर रहा था। ऐसे प्रशासन से मदद की मांग की है।

आंगई थाने के हेड कांस्टेबल राकेश कुमार ने बताया कि सूचना पर देर रात शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया था। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सरसों तेल, ड्राई फ्रूट एवं मिठाई के लिए सैम्पल, दुकानें बंद कर भागे व्यापारी

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** दीपावली त्यौहार पर 6/ अक्टूबर/25 से चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत के आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के आदेश अनुसार एवं जिला कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के निर्देशन मै मंगलवार 14/ अक्टूबर /25 को भुसावर कस्बे में सतीश मिष्ठान भंडार ,रामनाथ मिष्ठान भंडार ,रामनाथ राजेंद्र मिष्ठान भंडार ,कृष्णा डेयरी एवं मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की गई इस दौरान सभी फर्मों से क्रमश मावा ,गुलाब जामुन, रस कट ,तथा कलाकंद का नमूना लिया गया।

इस दौरान उनके यहां सफाई एवं शुद्धता से मिठाई बनाने के संबंध में निर्देशित किया गया साथ ही राजेंद्र



प्रसाद एंड ब्रदर्स से एक सरसों के तेल का नमूना तथा नीरज किराना स्टोर से छुहारे का नमूना वास्ते जांच लिया गया सभी नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला बजवाए जा रहे हैं जांच प्रणाम प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी निरीक्षण एवं नमूनीकरण को देखकर अन्य कई व्यापारियों में अफ़रा-तफ़री मच गई और कुछ लोगों ने अपनी दुकान बढ़ा दी इसलिए बाजार में मुख्य मुख्य जगह जाकर सभी व्यापारियों को साफ सुथरा एवं शुद्ध सामग्री बेचने के लिए सलाह व निर्देश दिए गए एवं व्यापारियों को दुकान खोले रखने एवं भयभीत न होने की सलाह दी गई इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा व रूप सिंह मौजूद रहे।

## कुंभलगढ़ में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 15-16 नवंबर को

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** कुंभलगढ़ ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 16 नवंबर 2025 तक ग्राम धोरण, ग्राम पंचायत मोरचा में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कुंभलगढ़ ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों की टीमें हिस्सा लेंगी।

आयोजन समिति के कमलेश जोशी धोरन के अनुसार, प्रथम विजेता टीम को 5100 रुपये और द्वितीय विजेता टीम को 2100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 251 रुपये का प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसे 10 नवंबर तक जमा करना अनिवार्य होगा।

मैचों की शुरुआत प्रतिदिन शाम 7 बजे से होगी और सभी मुकाबले लाइव दिखाए जाएंगे।

### मोरचना में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

## बेटियां ईश्वर की अमूल्य कृति एवं परम्पराओं की वाहक :मनीषा सोनी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारत सरकार के खेल मंत्रालय के माय भारत संगठन स्वामी विवेकानन्द युवा मंडल स्वच्छ केलवा हरित की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पसुंद ग्राम पंचायत के गायत्री संस्कार विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

युवा मंडल अध्यक्ष लालू राम सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रदीप पालीवाल ने की ।कार्यक्रम संयोजक मनीषा सोनी ने बताया कि बेटियां ईश्वर की अमूल्य कृति एवं राष्ट्र की गौरवशाली संस्कृति,संस्कार एवं परम्पराओं की वाहक है ।

बेटियों को शिक्षा से जोड़ने एवं ग्रामीण आंचल में उच्च शिक्षा का गिरता प्रतिशत की बढ़ाने एवं बेटियों आगे बढ़े पढ़ें ।हर क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़े नए नए कृतिमान स्थापित करे इस हेतु विभिन्न गति विधियां एवं कार्यक्रम किए जा रहे है ।इस दौरान प्रधानाचार्य प्रदीप पालीवाल कार्यक्रम संयोजक मनीसा सोनी पिंकी रानू सेजल रानी दिव्या खुशी तनीषा इशीका पायल नायरा आदि उपस्थित रहे ।

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान

# जिलाध्यक्ष के 20 आवेदन, 6 का पैनल तैयार, घोषणा दिवाली बाद

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर नदीम जावेद ने राहुल गांधी ने एक बड़ा सर्वे कराया है, जिसमें सामने आया है कि संगठन में ऐसे लोगों को जगह मिल गई है, बड़े नेताओं के या तो प्रतिनिधि रहे या फिर वे संगठन की मजबूती से दूर पद लोलुपता रखते हैं। अब संगठन सृजन अभियान में ऐसा नहीं होगा। क्योंकि राहुल गांधी की युवा सोच में उभरते युवाओं को जोड़ना है, जो संगठन की मजबूती के लिए काम कर कांग्रेस की रीति नीति को आगे बढ़ाए।

उदाहरण के तौर पर अब कोई विधायक का प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष बनना चाहता है तो उसे तरजीह न देकर आम जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को मौका दिया जाएगा। गुजरात में पायलट प्रोजेक्ट के तहत संगठन सृजन अभियान शुरू किया, जो वहां सफल होने के बाद अब सभी राज्यों में इसे लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि धौलपुर और राजस्थान पार्टी के नेतृत्व के लिए बेहद जरुरी है। देश में कांग्रेस के मुश्किल समय



में हमेशा ही राजस्थान ने गांधीवादी विचारधारा को ताकत देने का काम किया है। जिलाध्यक्ष के पद के लिए चार दिनों से जिला, ब्लाक स्तर पर कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर चुके हैं। संवाद की प्रक्रिया 20 तक पूरी हो जाएगी। दीवाली बाद रिपोर्ट एआईसीसी को सौंप देंगे। इस मौके पर विधायक रोहित बोहरा, शोभा रानी कुशवाहा, संजय जाटव , जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी अजीत यादव, प्रदेश सचिव साजिद खान, युवा कांग्रेस नेता अमित मुदगल, धर्मेंद्र शर्मा, कमल कंषाना, संतोष त्यागी, लीना शर्मा, प्रशांत परमार, प्रवक्ता धनेश जैन, पंकज तिवारी मौजूद रहे।

**20 आवेदनकर्ता जिलाध्यक्ष के लिए सक्षम :** 20 लोगों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है जिनमें चार महिलाएं भी हैं। नदीम जावेद ने कहा कि 20 से अधिक लोग नेतृत्व करने के लिए सक्षम हैं। यह किसी भी राजनीतिक दल के लिए बड़ी बात है। अलग-अलग जाति धर्म एवं आयु वर्ग के लोगों ने आवेदन किया है। जिलाध्यक्ष एक बनेगा। बाकी लोगों में प्रदेश स्तर पर नेतृत्व करने की क्षमता है, उन्हें भी कांग्रेस में बड़े पदों पर जिम्मेदारी देने का काम करेंगे। करौली विधानसभा मैं कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम 16 अक्टूबर से शुरू किया जा रहा है करौली जिले में यह जानकारी पूर्व कांग्रेस जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे ने दी ।

## नारी सशक्तिकरण की नई मिसाल, महिलाओं के बनाए 1100 आइटम दीपावली मेले में प्रदर्शित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन के नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा तैयार किए गए 1100 से अधिक दीपावली आइटम — जैसे गाय के गोबर के दीपक, बंदनवार, सजावटी दीये, और पर्यावरण मित्र सामग्री का प्रदर्शन व बिक्री पुराने सूचना केंद्र, कंपनी बाग के सामने लगे दिवाली मेले में शुरू हो गई है। नगर परिषद के सहयोग से आयोजित यह मेला 16 अक्टूबर तक, प्रतिदिन सुबह 11 बजे से देर शाम तक चलेगा। मेले का उद्घाटन उद्योग विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक श्री दौलतराम हजरती ने किया। कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती बिंदू कपूर ने बताया कि यह मेला महिलाओं के आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्य कोऑर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि वर्तमान में नेक कमाई फाउंडेशन द्वारा दो सिलाई केंद्र और पांच स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र संचालित हैं, जहाँ सैकड़ों महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रही हैं। संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने शहरवासियों से अपील की कि वे मेले में आएं और इन मेहनती महिलाओं का उत्साह बढ़ाएं। स्वागत वक्तव्य रेखा महलावत ने दिया। कि आओ, इस दीपावली पर नेकी का दीप जलाएं और महिलाओं के हाथों की बनाई हुई सृजनात्मकता को सराहें ।

## ट्रैकिंग कैंप में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के एकलव्य मॉडल स्कूल मल्लाना में चल रहे राजस्थान ट्रैक कैम्प के नवें दिन ट्रैकिंग व खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद बैरवा व मीडिया प्रभारी सोनल जडेजा ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा की भावना व शारीरिक दक्षता का विकास करना है।

ग्रुप ब्रावो, चार्ली और डेल्टा समूहों ने चांद बावड़ी का भ्रमण किया। इस दौरान जेसीओ नूर मोहम्मद, एन एन ओ डॉ बीएल नागदा और अमित गौर कैडेट्स के साथ रहे। कैडेट्स ने प्राचीन स्थापत्य कला, जल संचयन प्रणाली और राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सायंकालीन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें खो-खो प्रतियोगिता में गर्ल्स वर्ग में जोधपुर समूह विजय रहा। जूनियर विंग वर्ग में जोधपुर समूह ने विजय प्राप्त की। रस्साकसी प्रतियोगिता में जूनियर विंग में जयपुर समूह तथा सीनियर विंग में कोटा समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल राहुल शर्मा एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अरूण यादव ने सभी विजेता टीमों को पदक एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## गैंगस्टर अमित शर्मा उर्फ जैक पण्डित अमेरिका में गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** लॉरेन्स विश्नोई गैंग के सक्रिय गैंगस्टर वर्तमान में रोहित गोदारा गैंग से संबंध रखने वाले गैंगस्टर अमित शर्मा उर्फ जैक पण्डित को एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स राजस्थान की सूचना पर सी.बी.आई. की इन्टरपोल ब्रान्च के माध्यम से अमेरिकी एजेन्सियों को सूचित करने पर अमित शर्मा उर्फ जैक पण्डित को किया डिटेन, जिसको भारत लाने के प्रयास जारी है।

दिनेश एम.एन., अति. महानिदेशक पुलिस, अपराध शाखा/एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, राजस्थान, जयपुर के निर्देशन में संगठित आपराधिक गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए रोहित गोदारा गैंग का फरार कुख्यात अपराधी अमित शर्मा उर्फ जैक पण्डित जो गैंग के लिए विदेशों में बैठकर आपराधिक गतिविधियां कर रहा था, यह गैंग के लिए फाइनेंस का काम सम्भालता था, जिसके लिए वह एक्सर्टेशन मनी को विदेशों में रिसीव करने एवं विभिन्न माध्यमों से गैंग के सदस्यों तक पहुंचाने का मुख्य रूप से कार्य करता था। इसके अलावा इस गैंग के जो सदस्य भारत से विदेशों में छुपने के लिये भाग जाते थे उनको विदेशों में शरण दिलाने एवं उनको पैसा उपलब्ध करवाना, उनके लिये फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने का काम कर रहा था। रोहित गोदारा जब भारत से भागकर गया था तो अमित पण्डित ने ही इसकी रूकवाने की व्यवस्था की थी। अमित शर्मा ने लॉरेन्स गैंग के लिये आपराधिक गतिविधियां शुरू की जिसकी सूचनाएं प्राप्त हुई, जिस पर तत्कालीन उप महानिरीक्षक पुलिस, श्री योगेव यादव, सी.आई. डी. (सी.बी.) के सुपरविजन में कार्यवाही शुरू की गई, जिसको वर्तमान उप महानिरीक्षक पुलिस, श्री दीपक भार्गव, सी.आई. डी. (सी. बी.), राज., जयपुर के सुपरविजन में निरन्तर जारी रखकर ए.जी.टी.एफ. की टीम को कार्यवाही करने के लिये सक्रिय किया गया। अपराधी अमित शर्मा उर्फ जैक पण्डित पुत्र विनोद शर्मा निवासी 15 जेड, पुलिस थाना मटीली राठान, जिला श्रीगंगानगर के कई प्रकरणों में वांछित चल रहा था। इसी दौरान मौका पाकर यह विदेश भाग गया था और गैंग के लिये सक्रिय रूप से काम करने लग गया।

## 15 अक्टूबर को शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र के नागरिकों को राहत प्रदान करने एवं उनके मूलभूत कामों को एक ही छत के नीचे सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर सेवा पखवाडे के अंतर्गत शहरी सेवा शिविर आयोजित होंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर नगर निगम क्षेत्र में 15 अक्टूबर को वार्ड संख्या 60 से 61 तक के लिए नगर निगम कार्यालय में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 15 अक्टूबर को अरावली विहार द्वितीय, जय कॉम्पलेक्स, नरू मार्ग, वेयर हाउसिंग गोदाम, नेमीचंद मार्केट, ट्रांसपोर्ट नगर, वैशाली नगर एवं सम्पूर्ण गैर योजना क्षेत्र के लिए नगर विकास विकास न्यास के नागरिक सेवा केंद्र न्यास परिसर में शिविर का आयोजन होगा।

**200 परिवारों को धनतेरस शुभ अवसर पर खुशियों की चाबी सौंपकर जिला प्रशासन कराएगा गृह प्रवेश**

# जिला कलक्टर ने की जिला परिषद के कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर जिला परिषद के कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने एवं कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिला परिषद के कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों व योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग कर निर्धारित टाइमलाइन में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि आमजन को विकास कार्यों एवं योजनाओं का अतिशीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्रीय विकास योजना अंतर्गत 17वीं एवं 18वीं लोकसभा के अनुशंसित कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा कर निर्देश दिए कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों को यथासमय संपादित करावें, साथी समायोजन से शेष रहे कार्यों का समायोजन 15 दिन में पूर्ण करें। उन्होंने विधायक निधि के अनुशंसित कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य में चौथा स्थान प्राप्त करने के लिए सराहना की तथा प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मेवात क्षेत्रीय विकास योजना अंतर्गत इस वर्ष स्वीकृत कार्यों में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार तथा ई-लाइब्रेरी से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के यथाशीघ्र पूर्ण कराने के लिए बीडीओं को निर्देशित किया।

**जल संचयन-जन भागीदारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले को मिली 25 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशिः** जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में जल संरक्षण की महती आवश्यकता के दृष्टिगत विभाग द्वारा जल संचय-जन भागेदारी अभियान के तहत 30218 जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण के सराहनीय कार्य के लिए केंद्र सरकार द्वारा जिले को 25 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है, इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी वर्ष में जिले को 2 करोड रुपए की राशि मिल सके, इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जन सहभागिता से 1 लाख जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कर पोर्टल पर अपलोड करावें। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में आमजन से जल संरक्षण की मुहिम में जुडने के लिए समझाइश कर 500 से अधिक घरों में सोख्ता गड्ढा निर्माण, प्रति ग्राम पंचायत 10 से 20 रिनोवेशन कार्य, 2 आरटीडब्ल्यूएचएस कार्य, 10 मैजिक पिट, 2 रिचार्ज सॉफ्ट इत्यादि जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण करावें।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत धनतेरस के शुभ अवसर पर जिले के करीब 200 परिवारों को राजीविका की दीपावली किट के साथ घर के रूप में खुशियों की चाबी प्रदान कर गृह प्रवेश करावें। उन्होंने योजना की ब्लॉकवार समीक्षा कर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए निर्धारित टाइमलाइन में कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव रविंद्र सालुखे, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता भूरी सिंह, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता रमेश सैनी, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान, डीपीएम राजीविका राहुल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा सहित समस्त बीडीओं एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बजट घोषणा के बावजूद पचपदरा रिफाइनरी से उत्पादन अब तक शुरू नहीं : जूली

### भाजपा सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को पचपदरा (बालोतरा) रिफाइनरी को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि भाजपा ने जनता से किया वादा तोड़ा है। टीकाराम जूली ने कहा कि वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा संख्या 158 में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि पचपदरा-बालोतरा स्थित रिफाइनरी अगस्त 2025 से उत्पादन शुरू कर देगी, लेकिन अब तक सरकार न तो रिफाइनरी में उत्पादन शुरू कर सकी है और न ही इस विषय पर कोई ठोस जवाब नहीं दे रही है।

जूली ने कहा कि 2013 में कांग्रेस सरकार के दौरान रिफाइनरी का शिलान्यास हुआ था और 2018 तक काम पूरा होना था, परंतु दिसंबर 2013 में राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा सरकार ने बीच में कार्य रोक दिया। पांच साल तक अटकाने के बाद 2018 के आखिर में भाजपा सरकार ने कार्य शुरू करवाया। दिसंबर 2018 से कांग्रेस सरकार आने के बाद कोविड काल जैसी कठिन परिस्थितियों में भी तेजी से कार्य कर 2023 तक 80त्न से अधिक कार्य पूरा किया गया। जूली ने कहा कि 2013 में इस परियोजना की लागत 37,000 करोड़ रुपये ही थी परन्तु अब भाजपा की लेटलतीफी के कारण यह बढक़र लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। इसमें तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा राज्य की हिस्सेदारी लेने से राज्य पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रिफाइनरी का दौरा किया, लेकिन उद्घाटन की तिथि या उत्पादन शुरू करने को लेकर कुछ नहीं कहा।

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि जब कोविड जैसी विकट परिस्थिति में भी कांग्रेस सरकार ने 80 प्रतिशत से अधिक काम पूरा कर लिया, तो अब सामान्य स्थिति में भी 2 वर्षों में शेष 20 प्रतिशत काम क्यों नहीं हो पाया? क्या डबल इंजन की भाजपा सरकार दोनों ही स्तरों पर फेल साबित हो चुकी है? जूली ने कहा कि राजस्थान की जनता यह जानना चाहती है कि आखिर बजट में असत्य वचन क्यों किया गया और सरकार इस देरी का जवाब कब देगी।

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थी को किये चैक वितरित




बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** शहरी सेवा शिविर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थी को ऋण हेतु 15 हजार रुपये का डेमो चैक वितरण किया गया।

योजना प्रभारी सीओ मिनाक्षी मिश्रा ने बताया की लाभार्थी का ऋण इंडियन ओवरसीज बैंक के माध्यम से स्वीकृत किया गया है। योजना प्रभारी मिश्रा ने बताया की भारत सरकार की फलैगशिप योजना पीएम स्वनिधि योजना में तीन चरणों में बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है प्रथम चरण 15 हजार रुपये द्वितीय चरण 25 हजार, तृतीय चरण 50 हजार रुपये का ऋण सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध करवाया जाता है। शहरी सेवा शिविर में 69 क आबादी क्षेत्र का पट्टा विलेख जारी किया गया और पुराने पट्टे का नामांतरण जारी किया गया। इस दौरान रितिक 69 क शाखा प्रभारी,रमेश,मनोज महावीर, शिविर प्रभारी संतोष सैन,अन्य गणमान्य मौजूद रहें।

## जिले के किसान सौर ऊर्जा सिंचाई पम्प संयंत्र हेतु राजकिसान पोर्टल पर करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा महा अभियान (पीएम कुसुम) कम्पोनेन्ट बी योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसानों को सौर ऊर्जा सिंचाई पम्प संयंत्र पर जीएसटी दर घटने से बडी राहत मिली है। जिले के किसान योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा सिंचाई पम्प संयंत्र हेतु राजकिसान पोर्टल पर स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल मीना ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में किए गए संशोधन से किसानों को सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र लगाने की लगात में कमी आएगी तथा किसानों को 4209 रूपये लेकर 7800 रूपये तक की बचत होगी। सौर ऊर्जा एक पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा स्त्रोत है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती व स्थाई ऊर्जा उपलब्ध होती है। पीएम कुसुम कम्पोनेन्ट बी योजना अंतर्गत विद्युत विहिन किसानों के खेतों पर ऑफ ग्रिड सौर ऊर्जा सिंचाई पम्प स्थापित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना का संचालन उद्यान विभाग द्वारा किया जा रहा है तथा सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापना पर 60 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति किसानों को 45 हजार रूपये अतिरिक्त अनुदान देय है।

## प्रथम किशत की राशि मिलने पर करण सिंह का कच्चे से पक्के मकान का सपना होगा साकार

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में सेवा पर्व पखवाडे के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे शहरी सेवा शिविर आमजन के सपनों को साकार करने में महती भूमिका निभा रहे हैं।

शिविरों में एक ही जगह पर आमजन के मूलभत काम मौके पर होने से राज्य सरकार की अन्त्योदय के कल्याण की परिकल्पना साकार हो रही है। नगर पालिका रामगढ में आयोजित शिविर में लाभार्थी करण सिंह को पीएम आवास योजना के अंतर्गत प्रथम किशत प्रदान कर लाभांवित किया गया। लाभार्थी करण सिंह ने बताया कि कच्चा मकान होने के कारण घर सर्दी, गर्मी व बरसात के मौसम में बहुत परेशानी का सामना करना पडता था। मैं मजदूरी का काम करता हूं, कमजोर आर्थिक स्थिति होने के कारण घर को पक्का कराने की चिंता दिन-रात सता रही थी। नगर पालिका में शहरी सेवा शिविर लगने की सूचना के साथ नगर पालिका के कार्मिकों से प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभ मिलने की जानकारी प्राप्त हुई। आज शिविर में मुझे मकान को पक्का कराने के लिए 50 हजार रूपये की प्रथम किशत की राशि का चेक मिल गया है जिससे मैं और मेरा परिवार बहुत खुश है। इस पर लाभार्थी करण सिंह ने पक्के घर का सपना साकार करने और नगर पालिका में सेवा शिविर आयोजित करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

**वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन कर खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन**

## शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी मजबूत करते हैं खेलः शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने मंगलवार को अग्रसेन मार्ग स्थित ओसवाल स्कूल में प्रदीप संचेती की पुण्यतिथि पर आयोजित द्वितीय बास्केटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिल्पकार के रूप में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरणा लेकर केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने संसदीय क्षेत्र के बालक-बालिकाओं को अलवर सांसद खेल उत्सव के रूप में खेलों के लिए बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है। उन्होंने प्रतियोगिता संचालकों से आह्वान किया कि सभी बास्केटबॉल खिलाडियों का अलवर सांसद खेल उत्सव में रजिस्ट्रेशन करावे। उन्होंने श्री प्रदीप संचेती को नमन करते हुए कहा कि संचेती परिवार द्वारा अपने पिता की स्मृति को चिरस्थाई बनाने तथा अलवर शहर के खिलाडियों को बास्केटबॉल खेल का प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु आयोजित की गई बास्केटबॉल प्रतियोगिता एक सराहनीय कदम है। इस दौरान मंत्री शर्मा ने स्वयं बास्केटबॉल खेलकर स्वास्थ्यपूर्ण जीवन के लिए खेलों को शामिल करने का संदेश दिया एवं खिलाडियों से हाथ-मिलकर उनकी हौसला अफजाई की।

इस अवसर पर जैन शिक्षण समिति के अध्यक्ष नरेश चन्द्र जैन, महेन्द्र संचेती, नरेन्द्र संचेती, योगेश संचेती, विनोद कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य मती मोनिका दुबे, जितेंद्र राठौड, सोनू चौधरी, राजेंद्र कसाना, पं. जलेसिंह, अरूण जैन, गोपाल शर्मा, सागर यादव, यश शर्मा, दिनेश खंडेलवाल, राकेश बोहरा, मनोज पालावत, अशोक पालावत, मती रेखा मिश्रा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, प्रतिभागी खिलाडी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।





### अंता उपचुनाव : बोले-भाया ने भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला

# नरेश मीणा ने जनता को दंडवत व शक्ति प्रदर्शन कर भरा नामांकन

बढ़ता राजस्थान

**अंता (निसं)।** बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नरेश मीणा ने मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ माता-पिता, पत्नी और बच्चे समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

उन्होंने परिवार के साथ अंता की जनता को दंडवत प्रणाम किया। कहा- इस दंडवत को अंता की जनता अपने चरणों में दंडवत माने और मुझे आशीर्वाद दे।

नरेश मीणा ने नामांकन दाखिल करने के बाद अंता बाहर सभा की। जिसमें में पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा भी मौजूद थे। सभा के बाद नरेश मीणा ने अंता में रैली निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।

नरेश मीणा दोपहर 12 बजे अंता एसडीएम ऑफिस पहुंचे। यहां 12 बजकर 10 मिनट पर उन्होंने निर्वाचन अधिकारी हवाई सिंह को अपना नामांकन पत्र दिया।

नरेश मीणा ने कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- प्रमोद जैन भाया को अंता की



जनता ने दो बार सत्ता में रहने का मौका दिया। दो बार विधायक बनाया है। जब वे सत्ता में रहे तो भ्रष्टाचार का खेल खेला। जब वे दो बार चुनाव हार कर विपक्ष की भूमिका में रहे तो जनता के लिए एक भी धरना प्रदर्शन नहीं किया।

नरेश मीणा ने कहा कि मैं तो अभी किसी पद पर नहीं हूं। मगर मैने जब 2023 में किसानों के मुद्दे पर कलेक्ट्री का घेराव किया था। उस समय किसी किसान को खाद के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ा था। मगर आज स्थिति पहले जैसी ही है। बजरी का अवैध खनन होता है। ठेकेदार बजरी में बड़ा मुनाफा कमाते हैं। मगर अंता की जनता को बजरी महंगी मिलती है। मैं उन बजरी के ठेकेदारों पर नकेल कसूंगा। जो किसान खाद के लिए लाइनों में लगते हैं। समर्थन मूल्य के कांटों के लिए भटकते हैं। जिन्हें बिजली नहीं मिलती है। गांव में पानी की समस्या है। सड़क की समस्या है। मैं उनके लिए खड़ा रहूंगा।

### अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा सम्मेलन का आयोजन

# आत्मनिर्भर भारत केवल नारा नहीं, राष्ट्रीय संकल्प है : देवनानी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके तहत देश की आत्मनिर्भरता के संकल्प को सशक्त बनाने और स्वदेशी विचार को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने पर चर्चा की गई।

देवनानी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का विचार केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन है। जो देश की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी स्वतंत्रता की नींव को सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में असीमित प्रतिभा, संसाधन और परंपरागत ज्ञान मौजूद है। यदि हम अपने स्थानीय कारीगरों, छोटे उद्योगों और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें तो भारत आत्मनिर्भर बनने के साथ एक सशक्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में भी उभरेगा।

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि आयात पर निर्भरता भी घटेगी। जब स्थानीय उत्पादों की



गुणवत्ता और पहचान बढ़ेगी, तब राष्ट्र का गौरव भी सुदृढ़ होगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आत्मनिर्भरता का अर्थ है कि देश अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करे और विदेशी निर्भरता को कम करे। घरेलू उत्पादन और व्यापार को प्रोत्साहन देने से मुद्रा का संरक्षण होगा।

उन्होंने कहा कि कृषि और ग्रामीण विकास आत्मनिर्भर भारत का मूल स्तंभ हैं। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक अपनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के प्रयासों से गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इससे पलायन रुकेगा और ग्रामीण भारत की आत्मनिर्भरता साकार होगी।

देवनानी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्टार्टअप्स और नवाचार के माध्यम से देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि भारत के युवा असीम ऊर्जा और नवाचार शक्ति के धनी हैं।

उन्होंने रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जब हम अपने हथियार, मिसाइलें और अंतरिक्ष उपकरण स्वयं तैयार करेंगे, तब हमारी रणनीतिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान दोनों सुनिश्चित होंगे। यह स्वदेशी तकनीक शक्ति के साथ हमारे गौरव का भी परिचायक है।

विधानसभा अध्यक्ष ने उपभोक्ता जागरूकता की बात करते हुए कहा कि वोकल फॉर लोकल का वास्तविक अर्थ है कि हम अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाएँ।

## जयपुर-अजमेर हाईवे पर डीजल टैंकर में लगी आग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर मंगलवार रात डीजल टैंकर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। टैंकर चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थानाधिकारी (दूदू) मुकेश खरड़िया ने बताया कि जयपुर-अजमेर हाईवे पर रात करीब 9:30 बजे यह हादसा हुआ। डीजल से भरे एक टैंकर के पहियों में आग लग गई। आग की लपटें देखकर चालक ने तुरंत टैंकर को सड़क किनारे खड़ा किया और बाहर कूदकर जान बचाई। सूचना पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# फ्लैट-हाउसिंग सोसाइटी वालों को भी मिलेगा सोलर का फायदा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान में अब किराएदार और फ्लैटों में रहने वाले लोग भी सोलर सिस्टम से उत्पन्न बिजली का लाभ ले सकेंगे। राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग ने स्पष्ट किया है कि सोलर पैनल अब केवल छत तक सीमित नहीं रहेंगे। इन्हें रूफटॉप, बालकनी, जमीन, पानी के ऊपर या किसी ऊंचे ढांचे पर भी लगाया जा सकेगा।

राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग ने वर्चुअल नेट मीटरिंग और ग्रुप नेट मीटरिंग व्यवस्था को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से अब किराए पर रहने वाले लोग, फ्लैट मालिक और हाउसिंग सोसाइटी के सदस्य भी सोलर ऊर्जा का फायदा उठा सकेंगे, भले ही उनके पास अपनी छत न हो। वीएनएम और जीएनएम व्यवस्था के तहत सोलर अपनाने वाले घरेलू और सरकारी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी गई है। इन उपभोक्ताओं पर बैंकिंग चार्ज, ट्रांसमिशन चार्ज, व्हीलिंग चार्ज, क्रॉस सब्सिडी सरचार्ज, एडिशनल सरचार्ज जैसे महत्वपूर्ण चार्ज नहीं लगाए जाएंगे।

इससे सोलर बिजली की लागत और भी कम हो जाएगी। सरकारी कनेक्शनों पर कुछ मामलों में 50% सरचार्ज लागू रहेगा। अगर उपभोक्ता के पास बैटरी स्टोरेज सिस्टम है, तो उसे 75% तक छूट मिलेगी।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का फायदा भी मिलेगा : आरईआरसी के आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर कोई उपभोक्ता वर्चुअल या ग्रुप नेट मीटरिंग व्यवस्था में सोलर सिस्टम लगवाता है और वह सिस्टम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की गाइडलाइन के अनुरूप है, तो उसे केंद्र सरकार की फ्री बिजली योजना का फायदा भी मिल सकेगा।

इस फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि अब सोलर बिजली का फायदा सिर्फ मकान मालिकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि किराएदार और सोसाइटी उपभोक्ता भी अब इस योजना का हिस्सा बन सकेंगे। आयोग ने 10 किलोवाट तक के सिस्टम के लिए तकनीकी जांच की अनिवार्यता हटाकर प्रक्रिया को और आसान बना दिया है।

### तीन तरीकों से लगाया जा सकता है सोलर सिस्टम

पहला, उपभोक्ता खुद सोलर सिस्टम खरीदकर और लगाकर उसका मालिक बन सकता है।

दूसरा, सरकारी विभागों की ओर से, जिसमें सरकारी विभाग सोलर सिस्टम लगवाते हैं।

तीसरा, आरईएससीओ मॉडल के तहत, कोई कंपनी सोलर सिस्टम लगाएगी और उपभोक्ता को बिजली देगी, जिसके बदले उपभोक्ता कंपनी को तय बिल का भुगतान करेगा।

## केरल में छात्रा को हिजाब पहनकर स्कूल आने की परमिशन

बढ़ता राजस्थान

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के शिक्षा मंत्री वी. सिवनकुट्टी ने मंगलवार को कोच्चि के सेंट रीटा पब्लिक स्कूल को आदेश दिया कि वह मुस्लिम छात्रा को हिजाब पहनकर पढ़ाई जारी रखने दें। मंत्री ने कहा कि किसी भी स्कूल को संविधान के अधिकारों को तोड़ने की इजाज़त नहीं है। सिवनकुट्टी ने स्कूल की प्रिंसिपल और प्रबंधन से बुधवार सुबह 11 बजे तक पूरी रिपोर्ट सौंपने को भी कहा है। एर्नाकुलम के डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन की जांच में पाया गया कि छात्रा को हिजाब बांधने पर कक्षा में न घुसने देना गंभीर लापरवाही है और यह शिक्षा का अधिकार कानून का उल्लंघन है।

# 10 खान परिचालन में आने पर केन्द्र से राजस्थान को मिलेंगा 300 करोड़ रुपए का इंसेंटिव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा है कि नीलाम खानों को शीघ्र परिचालन में लाने को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार गंभीर है। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा पर्यावरण अनुमति सहित आवश्यक अनुमतियां नियमानुसार प्राथमिकता से जारी की जाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर केपिटल इंवेस्टमेंट योजना के तहत राज्य में इस वर्ष 10 मेजर मिनरल खानें परिचालन में आने पर राज्य को 300 करोड़ रु. का अनुदान केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की इस योजना के साथ ही नीलाम खानों के शीघ्र परिचालन में आने से प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

मुख्य सचिव पंत मंगलवार को सचिवालय के चिंतन कक्ष में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन



विभाग द्वारा पेंडिंग ईसी के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, खान, सेक, सीया और संबंधित स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला, ओरियंटेशन या प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर ईसी से संबंधित एसओपी की जानकारी देते हुए सभी औपचारिकताओं के प्रति जागरुक किया जाए ताकि ईसी जारी करने में अनावश्यक देरी ना हो सके। उन्होंने वृक्षारोपण सहित खानधारकों के लिए जारी आवश्यक कानून कायदों की पालना सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने बजरी खानों की भी प्राथमिकता से ईसी जारी करने को कहा ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य सचिव वन व पर्यावरण के स्तर पर मासिक समीक्षा पर जोर दिया ताकि कार्य में गति आ सके।

अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण श्रीआनन्द कुमार ने कहा कि सेक, सीया और खान विभाग को बेहतर तालमेल बनाते हुए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई जाएं ताकि नीलाम खानों में खनन कार्य आरंभ हो सके।

प्रमुख शासन सचिव खान श्री टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य को इस साल कम से कम दस खाने परिचालन में लानी है इनमें से दो खाने परिचालन में है और 8 खानों को जल्द से जल्द परिचालन में लाने के लिए ईसी जारी कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने सीया से व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए नीलाम खानों को पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

### चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा प्रबंध सहित अन्य विषयों पर बैठक, चिकित्सा मंत्री ने दिए निर्देश

# अस्पतालों में सुरक्षा प्रबंधों में नहीं लापरवाही पर संस्थान प्रभारी होंगे जिम्मेदार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में रोगियों एवं उनके परिजनों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि अधिकारी सभी चिकित्सा संस्थानों में फायर सेफ्टी सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसी भी चिकित्सा संस्थान में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर कमी पाई गई तो संबंधित चिकित्सा संस्थान के प्रभारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी और किसी भी तरह की घटना पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

चिकित्सा मंत्री मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा प्रबंध, मौसमी बीमारियों, मानव संसाधन, जांच, दवा एवं उपचार की व्यवस्थाओं सहित अन्य विषयों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विगत दिनों एसएमसएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में हुई आग की घटना बेहद दुःखद है। ऐसी घटनाओं से सबक लेने



की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शत-प्रतिशत चिकित्सा संस्थानों में फायर सेफ्टी ऑडिट सुनिश्चित की जाए। न केवल राजकीय बल्कि निजी चिकित्सा संस्थानों में भी फायर सेफ्टी नियमों की पूर्ण पालना सुनिश्चित हो।


खींवसर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में फायर सेफ्टी उपकरण क्रियाशील हों और इस स्थिति में हों कि आवश्यकता होने पर उनका उपयोग किया जा सके। प्रभारी अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। समय-समय इन उपकरणों की टेस्टिंग की जाए। साथ ही, अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मॉक ड्रिल भी की जाए। उन्होंने कहा कि जिन अस्पतालों में इस वर्ष फायर सेफ्टी ऑडिट नहीं हुई है, वे तत्काल कराएं। कहीं भी सुरक्षा प्रबंध को लेकर बजट आदि की आवश्यकता है तो प्रस्ताव विभाग को भिजवाएं।

**एनपीए लेने के बाद भी प्रेक्टिस की तो होगी कार्रवाई :** चिकित्सा मंत्री ने सख्त हिदायत दी कि ऐसे चिकित्सक जो नॉन प्रेक्टिस अलाउंस ले रहे हैं, वे प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं करें। अगर ऐसा पाया जाता है तो नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सा संस्थानों में प्रशासनिक पदों पर पदस्थापित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें, ताकि अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं माकूल रहें।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि बारिश थमने के बाद विगत दिनों में मौसमी बीमारियों के केस बढ़ने लगे हैं। अधिकारी डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया एवं स्क्रब टायफस सहित अन्य मौसमी बीमारियों की स्थिति पर निगरानी रखें। सभी चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा एवं उपचार के माकूल इंतजाम रखे जाएं। जहां केस ज्यादा सामने आ रहे हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतते हुए रोकथाम गतिविधियां बढ़ाई जाएं। रेपिड रेस्पॉन्स टीमों के माध्यम से उपचार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाए। हर जिले में एवं राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित हों।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि राज्य, संभाग एवं जिला स्तरीय अधिकारी समय-समय पर चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लें। निरीक्षण के दौरान भवनों की स्थिति, निःशुल्क दवा योजना में आपूर्ति की जा रही दवाओं के स्टोरेज, वितरण आदि को भी आवश्यक रूप से जांचें।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार